हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]






आप दीर्घायु हों
अपने साथ विकास का कारवां
लेकर चलने वाले जननायक
अमर भैय्या
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक सिंह
अशोक विधानी
प्रवीण दुबे
अजीत भोगल
विजय ताम्रकार
राजेन्द्र भण्डारी
राजेश पाण्डेय
कमल सोनी
शरद यादव
रौशन सिंह
अमित सिंह
अशोक मिथुन
J.J.Ad

तापमान
अधिकतम 33.4 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


यातायात ट्रैफिक पार्क जर्जर।

## खबर संक्षेप

### महिला आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन

**बिलासपुर।** शासकीय महिला आईटीआई कोनी में कोपा के एक सीट स्टेनो हिन्दी एक सीट एवं हास्पिटल हॉउसकीपिंग के 36 रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए इच्छुक महिला अभ्यर्थी 21 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर कर सकती है। आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### आंगनबाड़ी में भर्ती के लिए आवेदन कल से

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी अंतर्गत वार्ड क्र 65 के केंद्र क्र 93 इमलीभांठा सरकंडा एवं वार्ड क्र 67 के केंद्र क्र 124 लोधीपारा सरकंडा में आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती के लिए 22 सितम्बर से 6 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित है। रिक्त पदों की जानकारी तथा निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। आवेदन केवल बंद लिफाफे में पंजीबद्ध डाक से 6 अक्टूबर तक ही स्वीकार किया जाएगा।

### प्राकृतिक आपदाओं से बचाव, प्रशिक्षण 25 को

**बिलासपुर।** प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए 25 सितम्बर को जिले के अधिकारी, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को अरपा नदी छठघाट तोरवा में सुबह 10 बजे से प्रशिक्षण दिया जाएगा। आपदा के पूर्व, आपदा के समय एवं आपदा उपरांत बचाव एवं सुरक्षा के संबंध में जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को 23 सितम्बर को सुबह 9.30 बजे वर्चुअली उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। प्राकृतिक आपदाओं जैसे आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, अतिवृष्टि, लू, शीतलहर आदि से बड़ी मात्रा में जन-धन एवं पशु आदि की हानि होती है। इनसे बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### संभाग स्तरीय युवा काव्य पाठ प्रतियोगिता 29 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं राज्य युवा आयोग द्वारा 29 सितम्बर को संभाग स्तरीय काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह प्रतियोगिता लाल बहादुर शास्त्री स्कूल के देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। संभागायुक्त सुनील जैन ने संभाग के सभी कलेक्टरों से प्रतियोगिता में अधिकाधिक युवाओं की हिस्सेदारी सुनिश्चित करने को कहा है। संभाग स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेता राज्य स्तर पर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 4 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में होगी।

### साइडिंग में बेपटरी हुई मालगाड़ी

**बिलासपुर।** कोयला लोडिंग के लिए जा रही मालगाड़ी के पहिए साइडिंग में बेपटरी हो गए, जिसकी वजह से रेल लाइन पर दूसरी ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित रही। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात 11.30 बजे कोतमा स्टेशन से एक खाली मालगाड़ी साइडिंग की ओर जा रही थी, जिसके पहिए पाइंट पर बेपटरी हो गए। ट्रेन के कर्मचारियों ने इसकी सूचना तत्काल कंट्रोल को दी। सूचना मिलते ही संबंधित विभाग की टीम करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची और बेपटरी हुई मालगाड़ी के पहिए को पटरी पर लाने का काम शुरु किया। करीब एक से डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद मालगाड़ी के पहिए को पटरी पर लाकर रवाना कर दिया गया। वहीं साइडिंग में मालगाड़ी के पहिए पटरी से उतरने की वजह से यात्री गाड़ियों के बजाय दूसरी मालगाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहा।

# 10वीं अंग्रेजी की तिमाही परीक्षा निरस्त, 29 सितंबर को दोबारा होगी

**कन्या स्कूल की प्राचार्या को नोटिस**

**हरिभूमि के पेपर लीक खुलासे के बाद जिला शिक्षा विभाग ने यह फैसला लिया, प्रारंभिक जांच में पाया गया कि 224 में से सिर्फ एक ही स्कूल में परीक्षा ली गई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला स्तर पर ली जा रही 10 वी अंग्रेजी की परीक्षा निरस्त होगी और इसे फिर से 29 सितंबर को लिया जाएगा। हरिभूमि के पेपर लीक खुलासे के बाद जिला शिक्षा विभाग ने यह फैसला लिया है। इसके साथ ही स्वामी आत्मानंद शासकीय कन्या सरकंडा स्कूल की प्राचार्या को नोटिस भी जारी किया जा रहा है। जवाब आने के बाद कड़ी कार्रवाई की बात जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे ने कही है। डीईओ के मुताबिक यह बहुत गंभीर मामला है और इसकी जांच जरूरी है। इसके साथ ही तिमाही परीक्षा जिला स्तर पर लेने के लिए कुल 224 स्कूलों और वहां के छात्रों के हिसाब से जिला शिक्षा विभाग ने प्रश्नपत्र छपवा भी लिया है। अब जबकि पेपर लीक हो गया है तो यह प्रश्नपत्र एक तरह से किसी काम के नहीं रह गए हैं।

गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस साल तिमाही परीक्षा का आयोजन किए जाने का फैसला लिया गया है। इसके तहत निर्देश दिया गया कि यह तिमाही परीक्षा जिला स्तर पर होगी और इसके लिए प्रश्नपत्र भी जिला स्तर पर तैयार किए जाएंगे। साथ ही यह भी कहा गया कि 15 सितंबर के बाद सभी जिलों में जिला शिक्षा विभाग अपने हिसाब से समय सारिणी तैयार करते हुए परीक्षा ले सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे का कहना है कि सीजी बोर्ड पाठ्यक्रम आधारित विद्यालयों में तिमाही परीक्षाएं एक साथ ली जानी है। इसका लेकिन पालन नहीं किया गया और कन्या सरंकडा स्कूल में शनिवार को ही 10 वीं अंग्रेजी की परीक्षा ले ली गई। यही प्रश्नपत्र छात्रों के पास भी पहुंचा और उसे सोशल मीडिया में वायरल भी कर दिया गया।


हड़कंप : आनन-फानन में मामले को दबाने के साथ लीपापोती शुरु
10वीं और 12वीं बोर्ड की तिमाही परीक्षा का अंग्रेजी पेपर लीक
27 को होने वाली परीक्षा 20 को ही ले ली

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### एक स्कूल में परीक्षा, 223 स्कूलों का पेपर लीक

बिलासपुर जिला शिक्षा विभाग ने 22 सितंबर से तिमाही परीक्षा लेने का फैसला लिया और बकायदा इसका टाइम टेबल जारी किया। साथ ही तय किया गया कि जिले के सभी 224 हाई और हायरसेंकेंडरी स्कूलों में यह तिमाही परीक्षा होगी। विभाग ने यह भी कहा कि 20 सिंतबर को होने वाला अंग्रेजी का 27 सिंतबर को और 27 सितंबर को होने वाला व्यावसायिक पाठ्यक्रम का 20 सिंतबर को लिया जाना है। कन्या सरंकडा स्कूल में लेकिन इसका पालन नहीं किया और शनिवार 20 सिंतबर को ही अंग्रेजी की परीक्षा ले ली गई। दूसरी ओर कुछ स्कूलों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम का पेपर लिया गया। इस तरह दोनों ही विषयों का पेपर लीक होकर सोशल मीडिया में वायरल हो गया।

### सेजेस ग्रुप स्कूलों ने लिया था अपने मन से फैसला

इस बारे में जिला शिक्षा विभाग ने प्रारंभिक स्तर पर जांच कराई तो पता चला कि सेजेस ग्रुप के स्कूलों ने आपस में मिलकर तय कर लिया था कि शनिवार को अंग्रेजी का पेपर लिया जाएगा। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई थी। परीक्षा से कुछ दिन पहले लेकिन शिक्षा विभाग ने टाइम टेबल में संशोधन कर दिया। शनिवार को व्यावसायिक पाठ्यक्रम का पेपर लिया जाना था लेकिन कन्या सरंकडा स्कूल में अंग्रेजी की ही परीक्षा ली गई। इसे शिक्षा विभाग गंभीर मान रहा है और प्राचार्य को नोटिस जारी किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी के मुताबिक टाइम टेबल संशोधित किया गया था। इसका ध्यान नहीं रखना और परीक्षा जैसे अति महत्वपूर्ण विषय में लापरवाही बरतने को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। नोटिस और जवाब के बाद कार्रवाई तय है।

### संशोधित किया गया था टाइम टेबल

टाइम टेबल संशोधित किया गया था। इसका ध्यान नहीं रखना और परीक्षा जैसे अति महत्वपूर्ण विषय में लापरवाही बरतने को बरदाश्त नहीं किया जा सकता। प्राचार्य को नोटिस जारी किया जा रहा है। नोटिस और जवाब के बाद कार्रवाई तय है। जिस विषय की परीक्षा ले ली गई है। उसे निरस्त किया जाएगा।

– **विजय तांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी

**कब्जा हटाने के साथ जमीन अधिग्रहण**

# अरपा उद्गम स्थल में 7 करोड़ में बनेगा कुंड, 5 एकड़ में होंगे विकास कार्य भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने क्षेत्र की जीवनदायिनी नदी अरपा के उद्गम स्थल संरक्षण एवं विकास परियोजना के लिए 12.53 करोड़ रुपए की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इस परियोजना के लिए 7.88 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई थी। अब वित्त विभाग द्वारा दी गई अतिरिक्त स्वीकृति से विकास कार्यों को और गति मिलने की बात कही जा रही है। इस राशि से 7 करोड़ में कुंड बनाने के साथ ही 5 एकड़ में विकास कार्य भी किया जाएगा।

अरपा नदी के उद्गम स्थल के संरक्षण और संवर्धन के लिए राज्य सरकार ने पहल की है, जिसमें भूमि अधिग्रहण कर कुंड निर्माण और जल स्रोत को संरक्षित करने का काम शामिल है। शासन ने इसके लिए राशि स्वीकृत कर दी है। जमीन अधिग्रहण तथा निर्माण कार्य 18 महीने में पूरा करने का लक्ष्य भी रखा गया है। इस पूरे प्रोजेक्ट के तहत उद्गम स्थल के आसपास 5 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा ताकि विकास कार्य किए जा सकें। उद्गम स्थल पर कुंड और स्टॉपडेम का निर्माण किया जाएगा, जिससे नदी में 12 महीने पानी का प्रवाह बना रहे। उद्गम स्थल से अवैध अतिक्रमण भी हटाया जाएगा। इसके साथ ही नगर निगम, वन, जल संसाधन विभाग द्वारा मृदा क्षरण रोकने, जल संरक्षण करने और नदी में जल प्रवाह को बनाए रखने के लिए संयुक्त रूप से कार्ययोजना बनाई जाएगी। आईआईटी भिलाई भी अरपा नदी के भौतिक सर्वे और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने में सहायता कर रही है। गौरतलब है कि फिलहाल अरपा नदी का उद्गम स्थल सूख चुका है और सर्दियों के बाद नदी का प्रवाह बंद हो जाता है।

- संरक्षण हेतु शासन ने दी 12.53 करोड़ की स्वीकृति, पहले 7.88 करोड़ का था बजट
- जमीन अधिग्रहण तथा निर्माण कार्य 18 महीने में पूरा करने का लक्ष्य भी रखा गया



### 20 वर्षों से अनवरत जारी है संघर्ष

गौरतलब है कि वर्ष 2016 में अरपा उद्गम पेंड्रा स्थित भूमि को पाटे जाने के बाद पेंड्रा नगर के नागरिकों ने अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति पेंड्रा के तत्वाधान व बिलासा कला मंच बिलासपुर के अरपा बचाओ अभियान के माध्यम से अरपा नदी को बचाने के लिए संघर्ष व जन आंदोलन प्रारंभ किया था। सरंक्षक रामनिवास तिवारी ने हाईकोर्ट में दायर की थी। अधिवक्ता अरविंद कुमार शुक्ल द्वारा भी अरपा नदी को बचाने एवं संरक्षण के लिए जनहित याचिका लगाई गई है। लगातार सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने राज्य शासन को समय सीमा निर्धारित कर कार्य योजना बनाकर का निर्देश दिया था। इसके साथ ही बिलासा कला मंच द्वारा अरपा बचाव अभियान के तहत अरपा के उद्गम से लेकर जन जागरूकता अभियान के लिए प्रतिवर्ष यात्रा निकाली जाती है जो बीते 20 वर्षों से अनवरत जारी है।

### सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर होंगी संरक्षित

जानकारों के मुताबिक यह निर्णय न केवल अरपा उद्गम स्थल की सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित करेगा बल्कि पर्यटन और स्थानीय विकास के नए द्वार भी खोलेगा। बिलासा कला मंच के संस्थापक एवं अरपा बचाओ अभियान के संयोजक डॉक्टर सोमनाथ यादव ने कहा कि "वित्त मंत्री का यह निर्णय न केवल अरपा उद्गम स्थल के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि हमारे क्षेत्र की कला और संस्कृति को भी नई पहचान देगा। पर्यटन के विकास से यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं परंपराओं को महत्व मिलेगा। अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अक्षय नामदेव एवं सदस्य नीरज जैन, उज्जवल तिवारी, जयदत्त तिवारी, गणेश पांडे, भागवत सिंह मार्को, पीतांबर सिंह मार्को, आदिवासी समाज के नेता मनीष सिंह धुर्वे, चंद्र प्रताप उईके, फलपाल सिंह, मनोज साहू अशोक सोनी परिधान वस्त्रालय जैसे नदी प्रेमियों ने कहा है कि लंबे संघर्ष के बाद अरपा उद्गम पेंड्रा को पुनर्जीवन मिलने जा रहा है। इससे रोजगार, पर्यटन और सामाजिक चेतना तीनों को मजबूती मिलेगी। अरपा बचाओ अभियान से जुड़े बिलासा कला मंच के अध्यक्ष महेशश्रीवास, डा सुधाकर बिबे, देवानंद दुबे, रामेश्वर गुप्ता, अश्वनी पांडेय, अनूप श्रीवास, यश मिश्रा, ओमशंकर लिबर्टी, दिनेश्वर जाधव सहित क्षेत्र वासियों ने कहा कि अरपा मैया की धरोहर को सुरक्षित और भव्य स्वरूप देने में मील का पत्थर साबित होगी और आने वाली पीढ़ियां इसका लाभ उठाएंगी।

**शासन के लाखों रूपए पानी में बहा दिए गए**

# निगम ने 38 लाख खर्च कर बनाया फ्रूट मार्केट, ठेले में लगती हैं दुकानें

- साल भर बाद ही दिखने लगी बदहाली

**बिलासपुर।** शनिचरी बाजार में बेतरतीबी से लगाई जाने वाले फल ठेले को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से 38 लाख खर्च कर फ्रूट मार्केट बनाया गया है, लेकिन फल विक्रेता शासन की योजना का दिवाला निकाल चुके हैं। लाखों रूपए की लागत से बनाए गए शेड खाली पड़े हैं, जबकि अभी भी शेड के सामने ठेले में फलों की बिक्री होती है। यह शासन की योजना का पलीता निकाल रहा है, शासन के लाखों रूपए बर्बाद करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई तक नहीं हो रही है।



शनिचरी वाल्मिकी चौक से बिलासा चौक और रपटा तक फल ठेले वालों का कब्जा बना हुआ है, नगर निगम की गाड़ी आते ही ठेले वाले सीधे फ्रूट मार्केट में घुस जाते हैं, कार्रवाई खत्म होते ही दोबारा ठेला सड़क पर लग जाता है। यह रोज का दृश्य है, लेकिन शासन के रूपयों की बर्बादी का नजारा न्यू फ्रूट मार्केट में देखने को मिलता है। जहां 38 लाख रूपए खर्च कर बनाए गए शेड के ठीक सामने ठेले लगते है, हर कोई ठेले से ही फल खरीदता है और शेड और चबूतरें पर आवारा कुत्ते सो रहे होते हैं। खास बात यह है नगर निगम प्रशासन लाख कोशिशों के बाद भी ठेले वालों को व्यवस्थित नहीं कर सका है।

# काम में लापरवाही, पीएचई ने 6 ठेकेदारों का टेंडर किया निरस्त, 4 माह फंसेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- जल जीवन मिशन अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने व निर्माण में देरी
- लाखों रूपए के काम में बरत रहे थे कोताही

जल जीवन मिशन की योजनाओं में लापरवाही बरतने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने 6 ठेकेदारों के अनुबंध निरस्त कर दिया है। आला अधिकारियों के पास फाइल भी भेजी जा रही है। दरअसल विभाग को इन कामों के लिए दोबारा टेंडर की जरूरत पड़ेगी, ऐसे में टेंडर कॉलिंग, आंबटन और निर्माण शुरू होने में 3 से 4 माह का समय गुजर जाएगा, जिससे यह तय है कि आगामी दिनों में इन ठेकेदारों को विभाग ब्लैक लिस्ट भी कर सकता है, लेकिन टेंडर निरस्त होने के कारण एक बार फिर काम में देरी होना तय है।

जल जीवन मिशन योजना में टेप नल कनेक्शन, रिट्रोफिटिंग और पानी टंकी निर्माण जैसे कई काम अधूरे पड़े हैं। ठेकेदारों द्वारा भुगतान नहीं होने का हवाला देकर काम रोक दिया है, जिससे जिला लक्ष्य से काफी दूर होता जा रहा है। विभाग ने साफ कह दिया है कि काम नहीं करने पर छह ठेकेदारों पर कार्रवाई की गई है। ठेकेदारों में रामनिवास शर्मा, सुनील कुमार, केके इलेक्ट्रानिक्स बिल्डिंग वर्क, गायत्री कंस्ट्रक्शन मस्तूरी, गायत्री कंस्ट्रक्शन बिल्हा, और शोभितराम यादव शामिल हैं। टेंडर निरस्त करने से पहले विभाग ने ठेकेदारों को तीन से चार बार पत्र भेजा, लेकिन भुगतान नहीं होने का हवाला देकर ठेकेदारों ने मिशन का काम रोक दिया था। ठेकेदारों का इस साल का भुगतान शासन स्तर से नहीं हुआ है। मार्च में वर्ष 2024 का लगभग 20 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया था, ठेकेदारों ने काम पूरा नहीं किया, इसलिए बिल विभाग को प्रस्तुत नहीं हुए हैं। ठेकेदारों को अब तक 60 फीसदी भुगतान किया जा चुका है, वहीं 40 फीसदी बाकी है। जिन ठेकेदारों का टेंडर निरस्त किया गया है, उन पर ब्लेक लिस्ट करने की कार्रवाई भी विभाग के आला अधिकारी कर सकते हैं।

### ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया

फिलहाल ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया है, उनका टेंडर निरस्त कर दिया गया है। दोबारा टेंडर किया जा रहा है, जल्द ही काम पूरा करने का लक्ष्य है।

- **हर्ष कवीर**, ईई, पीएचई

**चक्रधरपुर और खड़गपुर मंडल में चल रहा आंदोलन**

# कुडमी समाज के आंदोलन से ट्रेनों का परिचालन प्रभावित, यात्री हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

धनबाद मंडल सहित चक्रधरपुर और खड़गपुर मंडल में कुडमी समाज के आंदोलन के चलते ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो गया है, जिसके कारण कई ट्रेनों को डायवर्ट करने के साथ रद्द किए जाने से यात्री हलाकान हो रहे हैं।

दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर एवं खड़गपुर मंडल में आदिवासी कुड़मी समाज का विभिन्न स्टेशन एवं लेवल क्रासिंग गेट्स पर आंदोलन शुरू कर दिया गया है। समाज का आंदोलन आदिवासी दर्जा की मांग को लेकर किया जा रहा है, जिसकी वजह से समाज के लोग बड़ी संख्या में लेवल क्रासिंग के साथ रेल लाइन पर बैठकर रेल रोको आंदोलन कर रहे हैं। इसके कारण चक्रधरपुर और खड़गपुर मंडल से दूसरे स्टेशनों के साथ बिलासपुर, रायपुर और नागपुर होकर चलने वाली हावड़ा-मुम्बई व अन्य ट्रेनों के परिचालन पर प्रभाव पड़ रहा है। कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित करने के साथ बिलासपुर आने-जाने वाली और होकर चलने वाली ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक दिन पहले शनिवार को 22357 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गया झाराडीह आगमन 10 बजे एवं झारसुगुड़ा पहुंचने का समय 10.43 बजे है, जिसे रायगढ़ स्टेशन में नियंत्रित किया गया। 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस को खरसिया स्टेशन में, 18110 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-टाटानगर को सक्ती स्टेशन में, 07256 चेरलापल्ली-पटना स्टेशन को बिलासपुर स्टेशन में, 17321 वास्को डि गामा से जसीडीह के बीच चलने वाली एक्सप्रेस को भाटापारा स्टेशन में, 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस को रायपुर स्टेशन में नियंत्रित कर रखा गया था।

### कई ट्रेनों का परिचालन रद्द

दक्षिण पूर्व रेलवे से प्राप्त सूचना के आधार पर चक्रधरपुर, खड़गपुर मंडलो में चल रहा कुड़मी समाज का आंदोलन समाप्त कर दिया गया है। वहीं रैक नहीं होने की वजह से कई ट्रेनों को रद्द किया गया है। इसमें 18114 बिलासपुर-टाटानगर, 12222 हावड़ा-पुणे दूरंतो घाटशिला तक शार्ट टर्मिनेट के साथ घाटशिला-पुणे के बीच रद्द, 1113 टाटानगर-बिलासपुर, 20822 संतरागाछी-पुणे हमसफर एक्सप्रेस, 12810 हावड़ा-सीएसएमटी मेल, 22830 हावड़ा-भुज, 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस, 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस, 12834 हावडा-अहमदाबाद एक्सप्रेस, 12152 शालीमार-लोकमान्य टर्मिनस एक्सप्रेस, 22 सितम्बर सोमवार को 13287 दुर्ग जंक्शन से आरा जंक्शन साउथ बिहार एक्सप्रेस, 22844 पटना-बिलासपुर, 13288 आरा-दुर्ग शार्ट टर्मिनेट पटना में और पटना-दुर्ग के बीच रद्द, 20821 पुणे-संतरागाछी 22 सितम्बर को रद्द, 12809 सीएसएमटी-हावड़ा मेल 22 सितम्बर सोमवार को, 12221 पुणे-हावड़ा 22 सितम्बर को रैक नहीं मिलने के कारण, 12101 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-शालीमार एक्सप्रेस 22 सितम्बर को शामिल है।

# रेल डॉली से टकराई हांपा एक्सप्रेस, टला हादसा

**बिलासपुर रेल मंडल की गठित टीम ने की जांच शुरू**



पोरबंदर से शालीमार के बीच चलने वाली 12905 हांपा एक्सप्रेस रेल डॉली से टकरा गई। टक्कर जबरदस्त होने के बावजूद भी बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। वहीं जानकारी मिलने के बाद बिलासपुर रेल मंडल की टीम ने जांच शुरु कर दी है। इस जांच मे मुंशी और कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराया गया है।

बिलासपुर डिवीजन के लटिया से जयरामनगर के बीच किलोमीटर 698/20 - 698/18 ए पर इंजीनियरिंग विभाग की ओर से रेल लाइन का मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। इस लाइन पर एक दिन पहले शालीमार जाने वाली पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस के चालक ने रेल डाली को देखकर बार-बार सिटी बचाई, जिसके बाद भी कर्मचारियों ने उसे नहीं हटाया। इसके उपरांत चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकते हुए बड़ी दुर्घटना होने से बचाया। इमरजेंसी ब्रेक लगने के बावजूद ट्रेन रेल डाली से टकराई, जिसमें रेल डाली से कूदकर कर्मचारियों ने अपनी जान बचाई। ट्रेन के लोको पायलट ने अकलतरा रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद मेमो दिया, जिसके बाद रेलवे में हड़कंप मच गया।

**चल रही जांच**

जयरामनगर और लटिया के बीच हुई घटना के मामले में बिलासपुर रेल मंडल की सीनियर को आर्डिनेट की टीम गठित की गई है, जो इसकी मामले में जांच कर रही है। अब तक कोई रिपोर्ट उनकी ओर से नहीं दी गई है।

- **अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर


!! जय अग्रसेन !!
!! जय अग्रोहा !!
श्री श्री 1008
श्री महाराजा अग्रसेन जी
की 5149वीं जयंती एवं नवरात्रि की
हार्दिक शुभकामनाएं...
बिलासपुर विधायक
मा. अमर अग्रवाल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
आदित्य अग्रवाल (कान्हा)
अनिल अग्रवाल
मनीष अग्रवाल
नितिन बेरीवाल
कपिल जाजोदिया
अंशुमन जाजोदिया
मोनिल निशानिया
अंकुर अग्रवाल
अमित रामपुरिया
मयंक निशानिया
महेश अग्रवाल
अनन्य बजाज
किशन बंसल
गर्वित अग्रवाल


आदरणीय श्री अमर अग्रवाल जी
( वरिष्ठ विधायक )
को जन्म दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निखिल केशरवानी
जिला मंत्री भाजपा (ग्रामीण)
जिलाध्यक्ष भाजयुमो
दिलीप श्रीवास्तव
भाजपा
वैभव जायसवाल
जिला कार्यालय मंत्री
भाजयुमो
सी.ए. अंकित गुप्ता
भाजपा

## खबर संक्षेप

### जीडीसी में हिन्दी दिवस पर निबंध स्पर्धा, साहित्य परिषद का गठन



**बिलासपुर।** बिलासा कन्या महाविद्यालय में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। साथ ही निबंध प्रतियोगिता एवं साहित्य परिषद का गठन किया गया। इस अवसर पर शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.आर. कमलेश ने आज के समय में हिन्दी की उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. हरिणी रानी आगर ने हिन्दी की शुरूआत के बारे में अवगत कराया और हिन्दी के संवैधानिक स्थिति पर प्रकाश डाला। डॉ. कल्याणी जैन ने आधुनिक समय में हिन्दी की स्थिति एवं उसके महत्व पर चर्चा की। डॉ. मीनाक्षी पाण्डेय ने हिन्दी के महत्व उसकी दशा एवं दिशा पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. अवनीश कुमार सिंह ने आज के समय में हिन्दी के प्रचार–प्रसार पर विचार व्यक्त किया। डॉ. राजकुमार शर्मा ने हिन्दी और संगीत का तुलनात्मक अध्ययन पर चर्चा की। प्राध्यापक डॉ. शाजिया अली खान ने हिन्दी और उर्दू को जोड़कर हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। हिन्दी दिवस के अवसर पर छात्रओं ने कविता पाठ भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध में भाग लिया।

### बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान में शारदीय नवरात्रि आज से

**बिलासपुर।** अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान वाराणसी के बिलासपुर शाखा के तत्वावधान में अघोर पीठ आश्रम बांसाझाल चपोरा में शारदीय नवरात्र पर्व 22 सितम्बर से 21 अक्टूबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा । सोमवार 22 सितम्बर को अभिजित मुहूर्त में सुबह 11. 26 से 12.14 बजे के मध्य घट स्थापना कर अघोर ज्योति कलश प्रज्वलित किया जाएगा। सोमवार 29 सितम्बर को रात्रि में महानिशा पूजन हवन होगा। मंगलवार 30 सितम्बर को कुंआरी कन्याओं का पूजन एवं भोज होगा। बुधवार 1 अक्टूबर को कलश विस्थापन किया जाएगा। आश्रम में सुबह शाम आरती भजन एवं आश्रम के सदस्यों द्वारा अघोरेश्वर स्मृति बचनामृत का पाठ किया जाएगा । यह जानकारी विनोद तम्बोली ने दी।

### छग केवट निषाद समाज की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ केवट निषाद समाज जाली लगरा बिलासपुर परिक्षेत्र का समाजिक बैठक 21 सितंबर रविवार को बिलासा छात्रावास डबरीपारा चांटीडीह में रखा गया, जिसमें बिलासा छात्रावास के शिक्षा के लिए सर्वसहमति से संयुक्त खाता खुलवाने के संबंध में चर्चा किया गया। खाता खुलवाने से समाज के विद्यार्थीयों के विकास के लिए सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस बैठक में तिमाही आय व्यय समीक्षा बैठक पर भी चर्चा की गई। वर्तमान में समाज के विद्यार्थी इस छात्रावास में अध्ययन करते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिये कोचिंग सेंटर में समाज की ओर से सहयोग करने व अन्य समाजिक विषयों पर भी चर्चा किया गया। इस बैठक में जाली लगरा बिलासपुर परिक्षेत्र के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद कैवर्त, उपाध्यक्ष संतोष केवट, महासचिव कृष्ण कुमार, कोषाध्यक्ष परमेश्वर केवट, आडिटर गिरीश कैवर्त, श्याम सुंदर केवट, प्रकाश चन्द्र कैवर्त, राजेन्द्र कैवर्त, किर्ति केवट, गोविंद राम कैवर्त, दुखुराम केवट, राधेश्याम कैवर्त, विजय कुमार केवट, बिलासा सेवा समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र कैवर्त, सदस्य दिलीप कैवर्त, सत्यप्रकाश कैवर्त, काशी कैवर्त, कमलेश कुमार व समाज के लोग उपस्थित थे। यह जानकारी अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद कैवर्त ने दी।

### केन्द्र सातवें वेतनमान के अनुसार दे रेल कर्मचारियों को बोनस

**बिलासपुर।** प्रतिवर्ष रेल कर्मचारियों को 17951 रुपए 78 दिन के हिसाब से बोनस दिया जा रहा है, जिसका विरोध करते हुए आल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सातवें वेतनमान के अनुसार 46176 रुपए बोनस देने मांग की है। यूनियन की मांग को वित्त मंत्रालय की ओर फारवर्ड कर दिया गया है, जिसके उपरांत ही रेल कर्मचारियों की मांग पर फैसला लिया जाएगा। यूनियन के राष्ट्रीय सहायक महामंत्री एवं ट्रैक मेंटेनर एसोसिएशन बिलासपुर जोन के संस्थापक अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार कौशिक ने बताया कि दुर्गा पूजा और दशहरे के अवसर पर रेल कर्मचारियों को बोनस प्रदान किया जाता है, जो उत्पादन पर आधारित होता है। साल भर में जो रेलवे माल ढुलाई और यात्रियों के आवागमन से आय प्राप्त करता है, उसी उत्पादन की राशि से बोनस दिया जाता है। वर्तमान में छठवें वेतनमान के न्यूनतम वेतन 7000 रुपए को आधार बनाकर 78 दिन का बोनस 17951 रुपए दिया जाता है। वर्तमान में सातवां वेतनमान चल रहा है। इस वेतनमान के न्यूनतम वेतन 18000 को आधार बनाकर कम से कम 78 दिन का ही बोनस 46176 रुपए कर्मचारियों को दिया जाए। इसके लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मांग की गई थी। पत्र में कहा गया था कि रेलवे और देश के विपरीत परिस्थितियों में रेल कर्मचारी समर्पण भाव से सेवा देते रहे हैं। इसका कोई फायदा कर्मचारियों को नहीं दिया गया, उल्टे डेढ़ वर्ष का महंगाई भत्ता रोक दिया गया। इस पत्र के संदर्भ में प्रधानमंत्री कार्यालय से फोन पर सूचना दी गई कि उनके पत्र को वित्त मंत्रालय को फारवर्ड किया जा रहा है।

### सहकारी गृह निर्माण समिति मर्यादित की बैठक में आम बजट प्रस्तुत

**बिलासपुर।** सहकारी गृह निर्माण समिति मर्यादित की वार्षिक साधारण आम सभा 21 सितंबर को संस्था कार्यालय भवन में आयोजित की गई। जिसमें संस्था का वार्षिक आम बजट प्रस्तुत किया गया। इस सभा में संस्था के अध्यक्ष शेखर मुदलियार, उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, वरिष्ठ संचालक अशोक अग्रवाल, पीआर यादव, नारायण तिवारी, सविता द्विवेदी सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

**यातायात व्यवस्था पर चर्चा** — एसएसपी ने दुर्गोत्सव समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों को दिए आवश्यक निर्देश

# दुर्गा उत्सव पर पुलिस कर रही डायवर्सन, पार्किंग, एंट्री और एग्जिट मार्ग का निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सोमवार से प्रारंभ हो रहे दुर्गा उत्सव को शांतिपूर्ण मनाने के लिए एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में नगर के दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्यों के साथ बैठक की गई। उन्हें यातायात सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात पुलिस ऐसी जगह पर जहां अत्यधिक भीड़ होने की संभावना है, उन जगहों पर पूर्व से ही डायवर्सन, पार्किंग एवं लोगों के एंट्री और एग्जिट मार्ग का निर्धारण समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम स्थल का पर्याप्त अवलोकन एवं निरीक्षण करके कर रहे हैं। दुर्गा उत्सव पंडालों के पास आवागमन की व्यस्थतम स्थिति के अनुसार डायवर्सन, एकांगी मार्ग व लघु, मध्यम और भारी वाहनों को पंडाल स्थल से दूर से ही डायवर्ट की जाएगी। नागरिकों से माँ दुर्गा के दर्शन, गरबा आयोजन, रावण दहन आयोजन में सम्मिलित होने आने के दौरान सदैव यातायात नियमों का पालन करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने की अपील की गई। आवश्यकता पड़ने पर होने वाले डायवर्सन एवं निर्धारित मार्ग में ही अपने वाहन को चलाएं।

दुर्गा उत्सव समिति को कहीं पर भी यातायात व्यवस्था को बाधित नहीं करने पंडाल स्थल पर स्वयं ही उपस्थित होकर अपने-अपने वॉलिंटियरों के माध्यम से यातायात द्वारा दिए गए निर्देशानुसार व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु समझाइस दी गई।

#### नियत समय पर साउंड सिस्टम का उपयोग करने कहा

नियत समय पर ही साउंड सिस्टम का उपयोग करने तथा निर्धारित समय के पश्चात पूर्ण रूप से साउंड सिस्टम के संचालन को बंद करने निर्देश दिए गए। आगामी दुर्गा विसर्जन के दौरान अनिवार्य रूप से प्रत्येक दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा प्रत्येक समिति में कम से कम दस व उससे अधिक की संख्या में अनिवार्य रूप से ड्रेस कोड के साथ माँ दुर्गा उत्सव व्यवस्था वॉलिंटियर बनाने की हिदायत दी गई। गणेश विसर्जन के दौरान डीजे में तेज गति से आवाज को प्रतिबंधित की गई । अधिकृत वॉल्यूम के अनुसार ही नियमानुसार भारतीय संस्कृति के अनुसार समाज के मूल्यों, परम्पराओं और संस्कारों को दृष्टिगत रखते हुए ही साउंड सिस्टम का संचालन करने की हिदायत दी गई।

अन्य मवेशी शेड के अंदर तड़पते रहे, इलाज करने वाला कोई नहीं

# मोपका शहरी आदर्श गौठान में आधा दर्जन गायों की मौत, ऑटो में लादकर ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रविवार को मोपका गौठान में फिर आधा दर्जन गायों की मौत हो गई। जिनके शवों को आनन- फानन में आटो बुलवाकर हटवाया गया, जबकि शेड के अंदर एक मवेशी तड़पते पड़ा रहा, इसी दौरान यहाँ मवेशी छुड़ाने आए युवाओं से 800 रुपए लेने के बाद और रकम की मांग की जा रही थी। इसके साथ ही कुछ अन्य मवेशी शेड के अंदर तड़पते रहे, जिन्हें देखने और इलाज करने वाला कोई नहीं था।

यह पूरा मामला मोपका शहरी गोठान के पास का। इन मवेशियों को गौठान में नहीं रखकर छोड़ दिया गया था झुंड में सड़क पर घूम रहे थे। यही मवेशी सड़कों पर आ जाते है और झुंड बनाकर मोपका- छठघाट बाईपास रोड और शनिमंदिर तिराहे पर रोजाना झुंड लगाकर बैठे दिखाई देते हैं। इस बारे में शहरी गोठान के चौकीदार से जब पूछा गया कि इन मवेशियों के चारे पानी का क्या इंतेजाम है तो उसने एक कमरे के अंदर बोरी में करीब 2-3 किलो रखे दाने को दिखाया। जब उससे पूछा गया कि क्या ये यहां के 40- 50 गायों के लिए पर्याप्त है तो वह कहने लगा कि खत्म हो गया और लाया जाएगा। शहरी गोठान में अपनी गाय को छुड़ाने पहुंचे युवक ने बताया कि वह 8 सौ रुपए दे चुका है लेकिन उससे और पैसों की मांग की जा रही। इसकी रसीद भी नहीं दी जा रही है।






#### हर तरफ कचरा और सड़ांध मारती गन्दगी

इस गोठान के आसपास नजर डाली गई तो पता चला कि पीछे एक शेड को एसएलआरएम सेंटर यानि कचराखाना बना दिया गया है। पॉलीथिन का कचरा और सड़ांध मारती गन्दगी का ढेर से किनारे सामने से पीछे तक बिखरा है और पीछे तो कचरे का पहाड़ खड़ा कर दिया गया है। गोठान के चौकीदार ने स्वीकार किया कि यहां एक दो दिन की आड़ में यहां मवेशियों की मौतें हो रहीं है। साफ है कि यदि गाय बीमार और घायल है तो इन मवेशियों के इलाज और देखरेख की व्यवस्था यहां नहीं है।

#### गौठान की व्यवस्था पर शुरू से सवाल

ज्ञात हो कि मोपका शहरी गौठान को आदर्श गौठान का दर्जा दिया गया है। यहां 200 से अधिक मवेशियों के रखे जाने की व्यवस्था है। इन्हें रखने के लिए शेड के अलावा खुले में भी पांच एकड़ जमीन को घेरकर रखा गया है। मुख्य रूप से शहर में घूमने वाले मवेशियों को यहां रखना है। निगम का अमला लगभग रोज ही अभियान चलाकर मवेशियों को पकड़ता है और उन्हें आदर्श गौठान में रखता है। इस गौठान की व्यवस्था को लेकर शुरू से सवाल खड़े होते रहे हैं। इसका कारण गोवंश की यहां आए दिन होने वाली मौतें हैं। इससे गौठान में मवेशियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। यहां के स्टाफ के मुताबिक निगम के अधिकारी विशेष कार्यक्रम के अलावा अन्य समय में मौके पर नहीं जाते।

# खरीदी-बिक्री वाली जमीनों का हो रहा तुरंत नामांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खरीदी-बिक्री वाले जमीनों के रजिस्ट्री के बाद सीधे और तुरंत नामांतरण का अधिकार पंजीयन विभाग के रजिस्ट्रार, सब रजिस्ट्रार को दे दिया गया है। इससे विक्रय वाले जमीन की रजिस्ट्री के तुरंत बाद सीधे नामांतरण हो जा रहा है। लेकिन दानपत्र, हक त्याग, तबादलानामा आदि अन्य तरह से रजिस्ट्री वाले जमीनों का नामांतरण के लिए तहसीलदारों के यहां आवेदन पेश करना पड़ता है।

- **अन्य जमीन रजिस्ट्री के बाद नामांतरण के लिए तहसीलदार दफ्तर में लग रहा आवेदन**

इस तरह के दानपत्र, हक त्याग आदि तरीके से जमीन रजिस्ट्री कराने वाले पक्षकारों को यह ठीक तरह से पता ही नहीं होता और न ही पंजीयन आफिस में उन्हें बताया जाता है कि नामांतरण के लिए उन्हें तहसीलदार के यहां आवेदन देना है। रजिस्ट्री के बाद तहसीलदारों के आईडी में उनके प्रकरण भेजे भी नहीं जाते और पक्षकार कई दिनों तक इसी भ्रम और इंतजार में बैठे रह जाते हैं कि उनका भी सीधा नामांतरण हो जाएगा। बाद में जब यह मालूम पड़ता है कि उनका सीधा नामांतरण नहीं होगा, क्योंकि शासन के आदेश के अनुसार केवल खरीदी-बिक्री वाले जमीन की रजिस्ट्री के बाद तुरंत नामांतरण होता है, तब जाकर वे तहसीलदार के यहां अपना आवेदन लगा रहे हैं। राज्य शासन ने नए वित्तीय से अचल संपत्ति जमीन की रजिस्ट्री संबंधी पंजीयन विभाग के कामकाज में काफी बदलाव किए हैं और बदलाव के साथ नई व्यवस्था लागू की है। शासन ने जमीन की खरीदी-बिक्री के बाद नामांतरण की प्रक्रिया को सरल कर दिया है। अब रजिस्ट्री होते ही आटोमेटिक भूमि, संपत्तियों का नामांतरण भी हो जाता है। पहले यह नामांतरण का अधिकार तहसीलदारों के पास था। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए शासन ने खरीदी-बिक्री से प्राप्त भूमि अंतरण का सरलीकरण किया है। किसी भूमि स्वामी द्वारा धारित भूमि या भूमि का भाग जिनका पंजीकृत विक्रय आधार पर अंतरण किया जाता है ऐसे भूमि के नामांतरण के लिए प्राप्त प्रकरणों पर भू राजस्व संहिता के धारा के अधीन तहसीलदार को प्राप्त नामांतरण की शक्तियां, जिले में पदस्थ रजिस्ट्रार या सब रजिस्ट्रार को दे दिया गया है। इस नामांतरण की सीधी प्रक्रिया से भूमि स्वामियों को राहत मिल रही है और अब उन्हें जमीन की खरीदी-बिक्री एवं रजिस्ट्री के बाद तहसीलदार के समक्ष नामांतरण के लिए आवेदन देना नहीं पड़ता है। लेकिन यह सीधे नामांतरण की सुविधा केवल खरीदी-बिक्री वाली जमीन के लिए है।

दानपत्र, तबादलानामा, हक त्याग वाले जमीन की रजिस्ट्री के बाद सीधे नामांतरण की सुविधा नहीं है। इसके लिए पहले के ही तरह भूमि स्वामी को रजिस्ट्री कराने के बाद नामांतरण के लिए तहसीलदार के यहां आवेदन पेश करना पड़ता है।

## शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी 3 में ब्लाक अध्यक्ष के लिए 5 ने की दावेदारी



**बिलासपुर।** संगठन सृजन के तहत बिलासपुर शहर कांग्रेस ब्लाक कांग्रेस कमेटी 3 में ब्लाक अध्यक्ष चयन के लिए बैठक पीसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक पूर्व विधायक चुरावन मंगेशकर की उपस्थिति में कांग्रेस भवन में हुई। पर्यवेक्षक श्री मंगेशकर ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के इस चयन प्रक्रिया की जानकारी दी। वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष विनोद साहू ने कहा कि पार्टी ने 2016 में उन्हें ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जिसे सभी के सहयोग से लगातार 9 वर्षों से निभाते आ रहा हूं। अब संगठन सृजन के तहत चयन कर नए अध्यक्ष की नियुक्ति होना है तो ब्लॉक के अन्य सक्रिय ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को अवसर मिलना चाहिए। ब्लॉक अध्यक्ष के लिए 5 कार्यकर्ताओं ने दावेदारी की। पर्यवेक्षक श्री मंगेशकर ने सभी दावेदारों और ब्लॉक के प्रमुख पदाधिकारियों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों व क्षेत्र के पार्षद प्रत्याशियों के अलग कमरे में वन टू वन चर्चा कर उनकी बात सुनी। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष विनोद साहू, शिल्पी तिवारी, देवेन्द्र मिश्रा, संतोष साहू,भागीरथी यादव, रमेश गुप्ता ,रामप्रकाश साहू, मनोज शर्मा, सूर्यमणी तिवारी आदि मौजूद थे।

## एनएचएम कर्मचारियों ने दी ज्वाइनिंग काम पर लौटेंगे आज से



**बिलासपुर।** 34 दिनों से जारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने हड़ताल की समाप्ति के बाद ज्वाइंनिग दी है, लेकिन छुट्टी का दिन होने के कारण सोमवार से कर्मचारी काम पर लौटेंगे। एनएचएम के कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। 34 दिनों की हड़ताल से सरकारी अस्पतालों एवं कार्यालय में स्वास्थ्य सुविधा और स्वास्थ्य सूचकांक रिपोर्ट ठप है। 10 सूत्रीय मांगों में से शासन ने 6 मांगों पर अपनी सहमति दे दी है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के सकारात्मक पहल के बाद शुक्रवार रात संगठन के पदाधिकारियों सीएम से मुलाक़ात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रेड पे सहित 6 मांगों पर शीघ्र की कार्रवाई करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिए है, जिसमें ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति और स्थानांतरण नीति हेतु बनाई गई कमेटी 3 महीने के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

# धान के पौधों पर मंडराया झुलसा रोग का खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

धान के पौधों में झुलसा रोग नामक बीमारी का प्रकोप देखा जा रहा है। इस रोग के अंतर्गत मकड़ी की आकार के छोटे कीड़े पौधों के तने में बैठकर धान का रस चूस लेते हैं, जिससे या तो पौधे पूरी तरह सूख जाते हैं, या फिर आगे चलकर धान बदरा की शक्ल में पैदा होता है। कृषि विभाग के अनुसार यह बीमारी जिले में बीते तीन से चार सालों से ही अपना अधिक प्रभाव दिखा रही है। इससे पहले इस बीमारी का प्रभाव बहुत की कम देखने को मिलता था।

धान के पौधों में अब बालियों में दूध भराने का समय आ चुका है, लेकिन जिले में कई स्थानों पर झुलसा रोग के लक्षण भी दिखाई देने लगे हैं। इस रोग को पैदा करने वाले कीड़े आकार में बहुत छोटे मकड़ी की शक्ल में होते हैं,जो पौधों के तने में बैठकर पूरा रस पी जाते हैं। कीड़ों के द्वारा पूरा रस पी जाने के कारण पौधों के ऊपरी हिस्से तक पोषण नहीं पहुंच पाता, जिससे पौधे धीरे-धीरे सूखने लगते हैं। सही समय पर दवा का छिड़काव नहीं होने की दशा में पौधे पूरी तरह सूखकर पैरा की शक्ल में नजर आने लगते हैं। इस बीमारी का प्रभाव पूरे खेत में एक साथ न होकर कुछ हिस्से में हो सकता है। यही कारण है कि जिन खेतों में इस बीमारी का प्रकोप है उनमें ज्यादातर स्वस्थ पौधों का रंग हरा व रोगग्रस्त पौधों का रंग सुनहरा या पीला हो जाता है।

#### जल्द ही दिखेगा भूरा माहो का भी आतंक

दशहरा के बाद व दीवाली के करीब आते ही धान के पौधों में बालियां आने लगती हैं, जिससे इसी अवधि में भूरा माहो का प्रकोप भी दिखाई पड़ने लगता है। हालांकि इस बीमारी के आने का समय और दवा की जानकारी किसानों को रहती है, जिससे माहो का असर पौधों पर अधिक नहीं हो पाता।

#### पहले नहीं था प्रकोप

झुलसा रोग का असर जिले में बीते तीन से चार साल से ही नजर आ रहा है। इससे पहले इसका अधिक प्रकोप जिले में नहीं था। इसके कीड़े मकड़ी के आकार के देखने में एकदम छोटे होते हैं, जो पौधों के तने में बैठकर रस चूस लेते हैं, जिससे ऊपरी हिस्सा पूरी तरह सूख जाता है।

–पीडी हथेश्वर
डीडीए बिलासपुर

बिलासा कन्या महाविद्यालय में व्याख्यान

# नारीवाद के लिए हमें किसी क्रांति की जरूरत नहीं: पंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय के तत्वाधान में केटेम्पोरेरी डिस्कोर्स ऑन फेमिनिज्म फ्राम टेक्स्ट टू एडवरटाइजमेंट फ्रा्म प्रोडक्ट टू प्रोक्सन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं व अन्य अतिथि।

मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. प्रसन्जीत पंडा थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एस. आर. कमलेश ने की। प्रमुख वक्ता डॉ. प्रसन्जीत ने छात्राओं को कहा कि यह विषय वर्तमान समय की मांग है और बहुत ही प्रांसगिक है। आज नारीवाद केवल लैंगिक समानता तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि आज यह संस्कृति, साहित्य, मीडिया और बाजारवाद तक फैला हुआ विमर्श बन गया है। जो कि समकालीन समाज में नारीवाद का स्वरूप बदलकर टेक्स्ट से लेकर विज्ञापन और उत्पाद से लेकर उत्पादन तक पहुँच गया है। वर्तमान में एआई की भूमिका एवं विज्ञापनों में महिलाओं को कमतर आंकने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नारीवाद के लिए हमें किसी क्रांति की जरूरत नहीं है– पुरुष तथा नारी एक समान है।

#### नारी शक्ति और उनकी भूमिका पर किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए: डा. कमलेश

प्राचार्य डा. एस आर कमलेश ने कहा नारी शक्ति और उनकी भूमिका पर किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए। पहले विज्ञापनों में नारी केवल सामग्री की आवश्यकता एवं उपयोग की विधि को ही दिखाती थी। कई अच्छी ब्रांड्स नारीवाद को मार्केटिंग टूल की तरह इस्तेमाल करते हुए दिखाते थे। कई बार नारीवाद का उपयोग केवल कंज्यूमर अट्रैक्शन के लिए किया जाता रहा है। अब समय बदल गया है, पहले फोकस महिला उपभोक्ता पर था– जैसे आवश्यक घरेलू सामग्री एवं सौंदर्य संसाधन लेकिन अब कार्यस्थल पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। महिलाओं द्वारा स्टार्ट–अप्स, क्रिएटिव इंडस्ट्रीज और फिल्म–निर्माण में नेतृत्व, लोक गायक में आगे हैं। डा. सुसन उदय ने बताया कि यह विषय आज के समय के लिए बहुत ही प्रासंगिक है। समकालीन साहित्य में नारीवादी परिप्रेक्ष्य दृष्टिकोण को समझने में सहायक है। कार्यक्रम का संचालन डा. अर्चना पांडे तथा आभार प्रदर्शन डा. मधुलिका सिन्हा ने किया। इस अवसर पर डा. मोनिका श्रीवास्तव, सुश्री जामिनी कुसरो, श्रुति अग्रवाल एवं एम. ए. की छात्राएं मौजूद थीं।


जीवेत शरदः शतम्
अमर भैया
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
अशोक विधानी
प्रवीण दुबे
मनीष अग्रवाल
महेश चन्द्रिकापुरे
सहदेव कश्यप
मो. जफ़र
पंकज तिवारी
राजेश पाण्डेय
गुड्डा पाण्डेय
दुर्गेश पाण्डेय
आनंद दुबे
संदीप केशरी
आशीष तिवारी
रोहित मिश्रा


प्रवीण झा
नारायण गोस्वामी
जगदीश साव
रीना गोस्वामी
विक्की सिंह
आदित्य अग्रवाल (कान्हा भैय्या)
राजा जायसवाल
विष्णु यादव
रामचंद्र यादव
विजय यादव
अमित तिवारी
पार्षद
हम सबके लाडले - विकास पुरूष
अमर भैया
को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई...
संजय यादव
पार्षद, एमआईसी मेम्बर
शरद यादव
विधायक प्रतिनिधि
उमा तावड़कर
फाउण्डर ऑफ एसएसवी
राहुल ताम्रकार
रौशन सिंह
जिला उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा
दीपक यादव
उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा
शैलेन्द्र यादव
पूर्व पार्षद, मण्डल अध्यक्ष-दक्षिण
डॉ. राजेश यादव
मोनू रजक
भारतीय जनता पार्टी-दक्षिण मण्डल परिवार
सतीश यादव
रंजीत यादव
भोला यादव


हर राह आसान हो, हर राह पे खुशियों हो,
हर दिन खुबसूरत हो, ऐसा ही आपका पूरा जीवन हो,
यही हर दिन हमारी दुआ है, ऐसा ही आपका हर जन्मदिन हो।
लोकप्रिय विधायक
मा. श्री अमर अग्रवाल जी
को जन्मदिवस की
मंगलमयी शुभकामनाएं...
HAPPY
Birthday
मनीष अग्रवाल
भाजपा बिलासपुर


मुख्य अतिथि
मा. श्री अमर अग्रवाल जी
(विधायक, बिलासपुर एवं पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन)
मा. अमर भैया जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
समाजवाद के प्रवर्तक श्री श्री 1008
श्री महाराजा अग्रसेन जी
की 5149वीं जयंती पर
समस्त अग्र बंधुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
बिलासपुर अग्रवाल सभा
सुनील सोनथलिया सचिव
शिव कुमार अग्रवाल अध्यक्ष
सीए ओमप्रकाश मोदी कोषाध्यक्ष
बृजमोहन अग्रवाल उपाध्यक्ष
राजकुमार केडिया उपाध्यक्ष
सीए राजुल जाजोदिया उपाध्यक्ष
सीए विनोद मित्तल उपाध्यक्ष
आशीष अग्रवाल उपाध्यक्ष
मुरली अग्रवाल उपाध्यक्ष
कमलेश अग्रवाल उपाध्यक्ष
दीपक मोदी उपाध्यक्ष
उमेश मुरारका उपाध्यक्ष
सीए आनंद अग्रवाल उपाध्यक्ष
बिहारी जालान उपाध्यक्ष
राजेश अग्रवाल सह सचिव
नवीन जाजोदिया सह सचिव
अमेश बुधिया सह सचिव
कमलेश निशानिया सह कोषाध्यक्ष
चंचल अग्रवाल सह कोषाध्यक्ष
अग्रवाल नव युवक समिति
सौरभ अग्रवाल सचिव
अंकुर अग्रवाल अध्यक्ष
मोनिल निशानिया कोषाध्यक्ष
सुमित निशानिया
वासु अग्रवाल
पराग बुधिया
विपिन जाजोदिया
विनित मित्तल
चंदन अग्रवाल
प्रतीक गुप्ता
राजकुमार अग्रवाल
अतुल चौधरी
सीए पंकज जाजोदिया
गौरव अग्रवाल
अंशुल मुरारका
देशराज अग्रवाल
गर्वित अग्रवाल
अनन्य बजाज
मयंक निशानिया
अमित रामपुरिया
तेजश अग्रवाल
तुषार अग्रवाल
आशीष जैन
नंदकिशोर अग्रवाल
पीयुष गोयल
श्याम अग्रवाल
यादवेन्द्र शाह
किशन बंसल
मोहित अग्रवाल
डॉ. आयुष अग्रवाल
क्षितिज जाजोदिया
वैभव मोदी
अनुराग गोयल
सीए अंकित अग्रवाल
सीए अर्जन गोयल
रितिक अग्रवाल
सीए प्रतीक मित्तल
अंकित जाजोदिया
सीए अमन अग्रवाल
सीए मोहित जाजोदिया
शभम रमेश अग्रवाल
आनंद अग्रवाल
दीपक कुमार गोयल
देवांश अग्रवाल
अभिनय अग्रवाल
प्रसन्न अग्रवाल
प्रत्युष गर्ग
प्रेरित अग्रवाल
विकास मित्तल
सुदेश अग्रवाल
अंकित अग्रवाल
आदि चौधरी
स्वप्निल मोदी
डॉ. यश अग्रवाल
गौरव बंसल
सचिन जिंदल
रितेश अग्रवाल
सीए अंकित गप्ता
अग्रवाल महिला समिति
रंजना अग्रवाल अध्यक्ष
वंदना जाजोदिया सचिव
मधु बागड़िया कोषाध्यक्ष
विनिता केजरीवाल
सीमा गर्ग
निशा मोदी
प्रियंका अग्रवाल
खुश्बू बुधिया
सीमा अग्रवाल
सीमा अग्रवाल
तान्या जाजोदिया
रेखा गोयल
प्रिति मित्तल
पूनम अग्रवाल
प्रीतू बुधिया
अग्रसेन जयंती समारोह दिनाक : 22 सितंबर, सोमवार, स्थान : कुंदन पैलेश, श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर
संरक्षक
श्री बजरंग केडिया
श्री जगदीश केडिया
श्री बजरंग लोहिया
श्री परसराम अग्रवाल
सीए सुरेन्द्र अग्रवाल
श्री किशन बुधिया
श्री रामावतार अग्रवाल
मार्गदर्शक
श्री मंगतराय अग्रवाल
श्री अर्जुन अग्रवाल
श्री मोती सुल्तानिया
श्री अशोक अग्रवाल
श्री हरि बुधिया
सीए एस.एस. अग्रवाल
श्री रामावतार अग्रवाल
श्री लक्ष्मी नारायण टिबड़ेवाल
श्री राजेश अग्रवाल
श्री आर.के. अग्रवाल
श्री हरीश केडिया
श्री प्रमोद खेड़िया
श्री पवन अग्रवाल
श्री सुभाष अग्रवाल
श्री बेनी गुप्ता
श्री राजेन्द्र सिंघानिया
अग्रसेन जयंती समारोह समिति
अनिल अग्रवाल (गुड़ाखू) सचिव
चतुर्भुज अग्रवाल अध्यक्ष
जुगल पालीवाल स्वागताध्यक्ष
अमित लोहिया कोषाध्यक्ष
सीए सुशील अग्रवाल उपाध्यक्ष
राजेश गोयल उपाध्यक्ष
सुनील जाजोदिया उपाध्यक्ष
सुशील अग्रवाल उपाध्यक्ष
बालमुकुंद अग्रवाल उपाध्यक्ष
अजय अग्रवाल उपाध्यक्ष
मुकेश सिंघानिया उपाध्यक्ष
बृजेश अग्रवाल उपाध्यक्ष
विकास अग्रवाल उपाध्यक्ष
मनोज बेरीवाल उपाध्यक्ष
अनिल अग्रवाल उपाध्यक्ष
प्रमोद अग्रवाल उपाध्यक्ष
विकास गोयल उपाध्यक्ष
कपिल जाजोदिया सह सचिव
सीए अंकुर जाजोदिया सह कोषाध्यक्ष
श्री अग्रसेन भवन समिति
मंगतराय अग्रवाल अध्यक्ष
राजेन्द्र खेड़िया
अनिल अग्रवाल (गुड़ाखू)
बजरंग अग्रवाल
दीपक मोदी सचिव
श्री अग्रसेन शिक्षण समिति
महेश अग्रवाल अध्यक्ष
गणेश अग्रवाल
शैलेष अग्रवाल
आदित्य अग्रवाल
शिखर अग्रवाल
सीए अंशुमन जाजोदिया
सीए दीपक अग्रवाल
विकास मित्तल
उत्तम अग्रवाल
मकेश जैन
आनंद अगवाल
गर्वित अग्रवाल
रूपेश मित्तल
हेमंत मोदी
संदीप नोपानी
नितिन बेरीवाल सचिव
अग्रोहा भवन समिति
सुनील सुल्तानिया अध्यक्ष
अमित अग्रवाल
सीए विमल अग्रवाल
संदीप केडिया
आलोक चौधरी
राकेश गोयल
शिव अग्रवाल
आशीष अग्रवाल
नरेश अग्रवाल
पुलकित अग्रवाल
कपिल टिबड़ेवाल सचिव
अग्रवाल सेवा समिति स्थाई प्रोजेक्ट
अजय जाजोदिया
सीए आनंद अग्रवाल
सीए राजुल जाजोदिया
संजय अग्रवाल (गुड़ाखू)
मनीष अग्रवाल (पूर्व एल्डरमेन)
अनिल अग्रवाल (गुड़ाखू)





**दस दिनों की होगी नवरात्रि, मंदिरों में मनोकामना कलश जलेंगे**

शारदीय नवरात्र सोमवार से प्रारंभ हो रही है, समापन एक अक्तूबर को होगा, चतुर्थी तिथि में वृद्धि के कारण नवरात्र नौ की बजाय 10 दिन की हो रही है। इस शारदीय नवरात्रि मां भगवती हाथी यानी गजराज पर सवार होकर आएगी।

# मां की आराधना का पर्व नवरात्रि आज से

**बिलासपुर।** पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि नवरात्रि की शुरुआत होने के कारण मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी और उनका प्रस्थान नर (मनुष्य) पर होगा, जो भविष्य में बेहतर स्थिति और समाज में सद्भाव का संकेत देता है। नवरात्रि में मां के हाथी पर आगमन और प्रस्थान को धार्मिक रूप से बहुत शुभ माना जाता है, जो सुख, समृद्धि और अच्छे फल का संकेत देता है।

पंडित ने बताया कि सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है, ऐसे में सोमवार 22 सितंबर के दिन से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होगी वहीं, एक अक्तूबर को शारदीय नवरात्र की नवमी होगी,जबकि दो अक्तूबर को विजयादशमी मनाया जाएगा। माता के नौ स्वरूपों की अलग-अलग दिन पूजा की जाएगी, घटस्थापना मुहूर्त सुबह 6 बजकर 9 मिनट से लेकर सुबह 8 बजकर 06 मिनट तक है। इसके बाद अभिजीत मुहूर्त में घटस्थापना कर सकते हैं, अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 49 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 38 मिनट तक है। साधक अपनी सुविधा अनुसार समय पर घटस्थापना कर मां दुर्गा की पूजा कर सकते हैं। इन दिनों मां के 9 स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है, इस पर्व में भक्त व्रत, उपवास, घटस्थापना, दुर्गा पूजन और कन्या पूजन जैसे अनुष्ठान करते हैं। माना जाता है कि नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की उपासना करने से घर में सुख-शांति, समृद्धि और नकारात्मकता से मुक्ति मिलती है।



**माता का भव्य आगमन किया गया :** नवरात्रि के पूर्व संध्या पर शहर के कई समितियों द्वारा माता का भव्य आगमन किया गया, डीजे की धुन और आकर्षक आतिशबाजी कर माता को पंडाल में लाया गया। गोड़पारा में आदर्श दुर्गोत्सव समिति द्वारा स्वर्ण जयंती पर रविवार को भव्य आगमन किया। लालबहादुर शास्त्री मैदान से विभिन्न झांकियों के साथ आगमन प्रारंभ हुआ,जो रिवर व्यु स्थित पंडाल पहुंचा। रात्रि में कलाकार दुकालु यादव द्वारा जगराता किया गया,जिसमें माता के भजनों से भक्तिमय माहौल में देर रात तक भजनों की प्रस्तुति की गई।

**षष्ठी तिथि को मूर्ति स्थापना :** दुर्गा पूजा की शुरुआत 28 सितंबर को षष्ठी तिथि के दिन होगी, इस दिन मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना की जाएगी। यह दिन दुर्गा पूजा की मूर्ति स्थापना के लिए शुभ माना गया है। इस दिन सुबह 6:08 बजे से लेकर 10:30 बजे तक मूर्ति स्थापना का शुभ मुहूर्त रहेगा। संधि पूजा 30 सितंबर मंगलवार को अष्टमी तिथि के दिन होगी। अष्टमी और नवमीं के संधिकाल में रात्रि 7:36 से 8:24 बजे तक 108 दीपों और 108 कमल पुष्पों से मां की पूजा की जाएगी। यह समय मां दुर्गा के चामुंडा रूप की आराधना के लिए अत्यंत विशेष होता है। विजया दशमी के दिन 2 अक्टूबर गुरुवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन नदियों और तालाबों में किया जाएगा।

### सिद्ध कुंजिका महालक्ष्मी अनुष्ठान, हवन आज

शारदीय नवरात्रि सोमवार 22 सितंबर से शुरू हो रही है। इस दौरान देवी आराधना के साथ ही साधना का क्रम भी चलेगा। पूरी श्रद्धा से साधना करने पर वह सफल होती है और माता की कृपा भी मिलती है। नवरात्रि पर श्री सिद्ध कुंजिका महालक्ष्मी अनुष्ठान वातानुकुलित मैडिटेशन हॉल श्री साईं कृपा हॉस्पिटल सरजू बगीचा रोड तेलीपारा में सोमवार 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक किया जाएगा। अनुष्ठान शाम साढ़े 4 बजे प्रारंभ होकर शाम साढ़े 5 तक चलेगा। 51 कुण्डीय श्री सिद्ध कुंजिका महालक्ष्मी हवन 12 अक्टूबर रविवार को 3 बजे प्रारंभ होगा और शाम 6 बजे पूर्ण आहुति के साथ संपन्न होगा। सेवा साधक पुनीत ढंढारिया ने बताया कि यह पूर्णतः निःशुल्क है, कोई जटिल नीयम नहीं है कोई शुल्क नहीं है। जहां कहीं भी यह साधना होती हैं सब जगह मां की कृपा होती हैं। महालक्ष्मी साधना एक शक्तिशाली साधना है जो धन, समृद्धि और सुख-शांति प्रदान करती है। इस साधना को श्रद्धा और विश्वास के साथ करने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए जा सकते हैं।

# समाज में महिलाओं का योगदान अतुलनीय : नामदेव

समाज में विमर्श बनाना है तो ऐसे आयोजन करने होंगे,वार्ता करनी पड़ेगी। मां शब्द से रोम-रोम में उर्जा संचारित होने लगती है। यदि मां नहीं होती तो हमारा अस्तित्व नहीं होता। इतिहास में जाएं तो वीरांगनाओं के बारे में सुनने को मिलेगा। इतिहास, पुराण का अध्ययन करने से हमारे संतों, महापुरूषों के बारे में पता चलेगा। समाज में महिलाओं का योगदान हमेशा से अतुलनीय रहा है।






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें विमर्श भारती छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा लखीराम ऑडिटोरियम में रविवार को राष्ट्रीय उत्थान में महिलाओं की भूमिका विषय पर आयोजित व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता आरएसएस के सहप्रांत प्रचारक नारायण नामदेव ने कही। उन्होंने कहा कि हम अपने देश को मां कहकर पुकारते हैं। प्रदेश को महतारी बोलते हैं। इससे ज्यादा सौभाग्य की बात क्या हो सकती है। मां प्रथम गुरु होती है। उनसे बहुत कुछ सीखते हैं। मां को भगवान के रूप में देखा है, इसलिए मां हमारे लिए श्रेष्ठ व पूज्यनीय है। उन्होंने कहा कि महापुरूष माताओं से ही मिले हैं। जीजा बाई शिवाजी को संस्कारित कर ऐसा महापुरूष बनाना चाहती थीं जिससे वे मुगलों से लोहा ले सकें। स्वामी विवेकानंद के संस्कार में भी उनकी माताजी का योगदान रहा। जिन्होंने पूरे विश्व में हिंदुत्व का परचम लहराया। हमारा देश शुरू से ही मातृत्व प्रधान देश रहा है। मातृ शक्तियों के कारण ही हमारा देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। महिलाएं दो परिवारों को शिक्षित करती हैं। आज महिलाएं सामाजिक उत्थान, उद्योग, कृषि सभी क्षेत्रों में अच्छे सोपान तय कर रहीं हैं। उद्यमिता के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रही हैं। रक्षा, अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भी महिलाएं आगे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की समानता व सुरक्षा की गारंटी हो। उनका उत्साहवर्धन कर उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास हो। आदर्श परिवार बनाने व पर्यावरण संरक्षण के लिए भी काम हो।

### विमर्श का आधार होता है सत्य : सारस्वत

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वी.के. सारस्वत ने कहा कि व्याख्यान माला का विषय ऐसे लोगों से जुड़ा है जो आधी आबादी का सृजन भी स्वयं करती हैं। विमर्श व नरेटिव एक नहीं है। नरेटिव स्वार्थ सिद्धि के लिए गढ़ा जाता है। वहीं विमर्श का आधार सत्य होता है। विमर्श भारतीय समाज में काम करना छोड़ देता है तो नरेटिव गढ़ा जाने लगता है। उन्होंने कहा कि एक ऐसा भी कालखंड आया कि नरेटिव से महिलाओं की स्थिति डाउन हुई। उन्होंने कहा कि बेटियां समाज में सेतु का काम करती हैं। यदि बेटियों को पढ़ा रहे हैं तो यह दो परिवार को पढ़ाने जैसा है। महिलाओं के काम में संवेदनशीलता व गंभीरता रहती है। उन्होंने ग्लोबल मार्केट फोर्सेस को आगे लाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि इस विषय पर भी चर्चा हो, जिससे समाज जाने व उससे बचे। लोगों के बीच विमर्श आने पर सुधार आएगा। नारी को आगे बढ़ाने उन्हें सामर्थ्यवान बनाएं। उन्हें सम्मान दें। ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी अपनाएं।

### स्वस्थ व शिक्षित नारी समाज की कड़ी : विधानी

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महापौर पूजा विधानी ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। हर क्षेत्र में उन्होंने अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर वीरता दिखाई है। शिक्षा, खेल सहित अन्य सभी क्षेत्रों में उनका वर्चस्व कायम है। आज सभी महिलाएं आगे बढ़ रहीं हैं। उनकी अपनी पहचान बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व शिक्षित नारी समाज की कड़ी है, इसलिए उन्हें अपनी रूचि अनुसार बढ़ने दें। उन्होंने बताया कि सरकार भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को लाभान्वित कर रही है, इसका लाभ उठाएं।

### माताओं पर आधारित है परिवार : झा

विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती। अर्चना झा ने कहा कि घर में मां से ही प्रथम गुरू के रूप में जीवन की शुरूआत होती है। परिवार माताओं पर आधारित है। संस्कार व कर्त्तव्यशीलता से परिवार, समाज व देश का निर्माण होता है। इसका प्रभाव पूरे देश पर पड़ता है। कोई भी क्षेत्र महिलाओं से अछूता नहीं है जो कि महिलाओं के योगदान के बिना आगे बढ़ा हो। उन्होंने कहा कि नारी बढ़ेगी तो ही देश सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि लोग बेटे से संस्कार की अपेक्षा नहीं करते हैं, जबकि यदि बेटे संस्कारवान हो जाए तो लड़कियां अपने आप सुरक्षित हो जाएंगी। इस पर विचार करने की जरूरत है। बेटियां अपने लक्ष्य को हासिल कर प्रतिभा दिखा रहीं हैं। महिलाएं परिवार की धुरी के रूप में अपना योगदान दे रहीं हैं।

### महिलाओं ने लहराया है परचम : डॉ अर्चना

विशिष्ट अतिथि सिम्स की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि महिलाओं को कार्य स्थल में पर्याप्त सुरक्षा की जरूरत है। कुछ कुरीतियों के चलते बेटियां आर्थिक उन्नति नहीं कर पा रही हैं। वित्तीय निर्णय लेने में भी महिलाओं की सहभागिता कम है जबकि महिलाओं ने सिद्ध किया है कि देश की उन्नति में वे अपना योगदान दे सकती हैं। उन्होंने अपर्णा हेगड़े, पी वी सिंधु, सानिया मिर्जा, कल्पना चावला का उदाहरण देते हुए कहा कि इन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में परचम लहराया है। आर्थिक नीतियों में निर्मला सीतारमण सफलतापूर्वक नेतृत्व कर रहीं हैं। नारी की उन्नति ही भारत की प्रगति है।

### वन्दे मातरम का गान

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। मंचस्थ अतिथियों के स्वागत के बाद उनका परिचय कराया गया। शिवम तिवारी, अजिंक्य जोशी ने राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का गान किया। इस मौके पर राजेश सूर्यवंशी, डॉ ललित माखीजा, डॉ रिया मखीजा, डॉ भूपेंद्र कश्यप, पवन शर्मा, विश्वास जलताड़े, बाबा त्रिपाठी, सौरभ वर्तक, राजेंद्र श्रीवास्तव, लीली सिंह, डॉ अल्का यादव, मंगला भुरंगे, रंजना डबली, लीना बघेल, मोना केंवट सहित सैकड़ों महिलाओं, छात्राओं की उपस्थिति रही। मंच संचालन डॉ. पूनम सिंह एवं आभार प्रदर्शन आरती कश्यप ने किया।

**स्पोर्ट्स न्यूज**

**प्राचार्य व शालेय स्टाफ ने जताई खुशी**

# इंडियन शूटिंग ट्रायल में डीपीएस के निशानेबाजों ने लहराया परचम

> इंडियन शूटिंग ट्रायल में डीपीएस के निशानेबाजों ने परचम लहराया है। निशानेबाजों की इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह मथ सहित पूरे शालेय स्टाफ ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप ने बताया कि इंडियन शूटिंग ट्रायल 5 और 6 ट्रायल 1 से 16 सितंबर के बीच मध्यप्रदेश शूटिंग अकैडमी भोपाल में आयोजित था। इसका आयोजन द नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ने किया था। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों में आरना कुरैशी, तारुन्या शेन्डे, मनीत कौर मक्कड़, जिज्ञासा प्रधान एवं कृतिका ठाकुर ने भाग लिया। इस ट्रायल में सभी निशानेबाजों का चयन देहरादून में 18 से 24 जून को 3 और 4 ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ था। सभी निशानेबाज इंडियन शूटिंग टीम में शामिल होने के लिए थोड़ी ही दूर पर है। निशानेबाजों की इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह मथ, प्रशासनिक अधिकारी आर.सी. मोहंती, चीफ प्रशासनिक अधिकारी एस.एन. पाठक, खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप, रॉबिंसन जॉन, राज नारायण सिरमौर, निरूपा विश्वास निशानेबाजी कोच पवन दुबे, अनुपम वर्मा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है।



**आयोजन**

## अग्रसेन जयंती पर पूजा आरती कार्यक्रम आज



**बिलासपुर।** अग्रहरि भवन बहतराई में 22 सितंबर को अग्रसेन जयंती पर अग्रसेन महाराज की पूजा, आरती कार्यक्रम आयोजित किया गया है। समाज के अध्यक्ष विनोद गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोखन साहू केंद्रीय राज्य मंत्री, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, जस्टिस शरद कुमार गुप्ता होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम महापौर पूजा अशोक विधानी, सभापति विनोद सोनी, पार्षद रुपाली अनिल गुप्ता, पार्षद कमला पटेल, पार्षद जय वाधवानी, पूर्व पार्षद अहिल्या वर्मा एवं कमलनी अग्रहरी प्रदेश अध्यक्ष छ.ग. अग्रहरी महिला समाज उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 11 बजे से सभी का तिलक सम्मान, ग्रुप डांस, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, प्रतिभा सम्मान, संगीत सहित अन्य बहुत से कार्यक्रम होंगे। इस आयोजन को लेकर समाज की महिलाओं, युवा सदस्यों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

**कार्यक्रम**

## जीजीयू एवं भारतीय जैन संघठना की संयुक्त पहल वस्त्र संगम




**बिलासपुर।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में भारतीय जैन संघटना के वस्त्र संगम का भव्य शुभारंभ 15 अगस्त को हुआ। कुलपति प्रो आलोक चक्रवाल के मार्गदर्शन एवं उनके सहयोग से समृद्धि के मूलमंत्र पर आधारित इस कार्य को संपन्न किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य केवल वस्त्र दान नहीं बल्कि हर दान को सम्मान, स्नेह और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ जोड़ना है ताकि प्रत्येक कपड़ा गरिमा की कहानी कहे और हर हाथ में आशा का संदेश पहुँचे। दान किए गए वस्त्रों का नैतिक संग्रह, सावधानीपूर्वक छंटाई और पुनः संवारना। लाभार्थियों के लिए गरिमापूर्ण 'मॉल-शैली' वितरण, जहां वे स्वयं पसंद के वस्त्र चुन सकें। अनुपयोगी कपड़ों का रचनात्मक अपसाइक्लिंग, जिससे बैग, खिलौने और अन्य उपयोगी वस्तुएं बनाकर सतत उद्यमिता को बढ़ावा।

**व्याख्यान**

## व्यक्तित्व विकास में रोजगार लेने वाला नहीं,देने वाला बनना है



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के उपलक्ष्य में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा रोजगार मेला एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय रोजगार के अवसर एवं उद्दमिता। कार्यक्रम को दो भागों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी, संदीप गुप्ता,संदीप मिश्रा, डॉ अतुल दुबे, कुलगीत के साथ शुभारंभ किया गया। डॉ. अतुल दुबे ने बताया कि हम सभी में एक विशेषता होती है जिसे हम अपने रोजगार के रूप में विकसित कर सकते हैं। मुख्य अतिथि आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने कहा कि व्यक्तित्व विकास करते हुये हमें रोजगार लेने वाला नहीं बनना है बल्कि हमें रोजगार देने वाला बनना है और स्वरोजगार के माध्यम से अपने समाज और राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

**आयोजन**

## बिलासा कालेज की एनसीसी छात्राओं ने रजत जयंती पर निकाली रैली




**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष की सफर पूर्ण होने एवं रजत जयंती के अवसर पर महाविद्यालय एनसीसी के छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर से शहर के अंबेडकर चौक तक छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा थीम पर रैली निकाली गई। छात्राओं द्वारा रैली के दौरान छत्तीसगढ़ के गौरव का बखान करते हुए हमार छत्तीसगढ़ सुंदर और समृद्ध छत्तीसगढ़। जन–जन का नारा है, शिक्षा हमारा सहारा है। शिक्षा बने सबका अधिकार जैसे नारों का गुजांयमान किए। एनसीसी इकाई द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन और भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पीएम किसान योजना, सुकन्या समृद्धि योजना तथा नशा निजात योजना आदि का नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।


हर राह आसान हो, हर राह पे खुशियाँ हो, हर दिन खुबसूरत हो,
ऐसा ही आपका पूरा जीवन हो, यही हर दिन हमारी दुआ है,
ऐसा ही आपका हर जन्मदिन हो।
बिलासपुर के यशस्वी विधायक माननीय
HAPPY BIRTHDAY
अमर भैया
को जन्मदिवस की अनंत शुभकामनाएं...
विनोद सोनी
सभापति
एमआईसी सदस्य
विजय ताम्रकार
श्याम साहू
बंधु मौर्य
प्रकाश यादव
मोती गंगवानी
संजय यादव
दिनेश देवांगन
तिलक साहू
केसरी इंगोले
श्रीमती रेखा पाण्डेय
रुपाली गुप्ता
सीमा सिंह
कुसुम कोसले
सुनीता जगत
जोन अध्यक्ष
राजेश दुसेजा
रंगा नादम
गणेश रजक
श्रीनू राव
दिलीप कोरी
विजय मरावी
मधु बाला टंडन
रेखा सूर्यवंशी
भाजपा पार्षदगण
वल्लभ राव
अंचल दुबे
अमित तिवारी
कार्तिक यादव
नितिन पटेल
तिहारी जायसवाल
जय वाधवानी
प्रीतेश सोनी
लक्ष्मी यादव
सूर्यकिशोर राज
रमेश पटेल
हेमंत मरकाम
उधोराम साहू
श्याम कार्तिक वर्मा
आशीष गुप्ता
ध्रुव कोरी
अंजनी कश्यप
कविता वाधवानी
किरन गोस्वामी
वंदना चंद्रिकापुरे
संगीता परिहार
किरण टंडन
रानी देवांगन
ममता मिश्रा
कमला पटेल
वैजयंती जोशी
मनोरमा यादव
कविता दत्ता
लक्ष्मी कृष्णा रजक
शुभेच्छु : महापौर पूजा अशोक विधानी, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### श्रीमद् देवी भागवत महापुराण यज्ञ शुभारंभ 1 अक्टूबर से

**तखतपुर।** ग्राम नेवरा में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण यज्ञ का आयोजन 1 अक्टूबर तक बस स्टैण्ड करूवाईन माई मंदिर में आयोजित किया गया है। कथा व्यास अमसेना वाले दुर्गेश शर्मा, मुख्य यजमान दशरथ सरिता साहू, आचार्य अशोक तिवारी रहेंगे। अलौकिक प्रसंग प्रातः 8 से 10, देवी पूजन 2 से 7 बजे तक होगा।



## निधन

### गोविंद गिडवानी



**बिलासपुर।** फ्लैट न. 405 लवीना कोर्ट्स अपार्टमेंट गणेश चौक निवासी स्व. ईशवरदास गिडवानी के सुपुत्र गोविंद गिडवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 सितंबर को दोपहर 1 बजे उनके निजी निवास गणेश चौक से झूलेलाल मुक्तीधाम कस्तूरबा नगर सिन्धी कालोनी के लिए निकलेगी। वे बलदेव , प्रहलाद, अजय गिडवानी के भाई एवं मनीष गिदवानी के पिता थे।

### अविनाश बापते



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर किलावार्ड निवासी अविनाश बापते का 65 वर्ष की आयु में 21 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 सितंबर सोमवार को सुबह 9 बजे दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अभय व अतुल बापते के भाई व अक्षय बापते के पिता थे।

### राजेश्वरी कौशिक



**बिलासपुर।** यदुनंदन नगर निवाशी राजेश्वरी कौशिक का 21 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 सितंबर को निवास स्थान यदुनंदन नगर से तिफरा मुक्तिधाम के लिए सुबह 9 बजे निकलेगी। वे दिलीप कौशिक की पत्नी थीं।

## बेलतरा विस के 51 गांवों और 12 शहरी क्षेत्र में करेंगे पदयात्रा

# सुशांत आज से निकलेंगे ध्वजा यात्रा पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि पर्व पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला बेलतरा विधानसभा में ध्वजा यात्रा निकालने जा रहे हैं। इस दौरान विधायक सुशांत 51 गावों और 12 शहरी क्षेत्रों में 171 किमी की पैदल यात्रा करेंगे। 22 सितंबर को यात्रा की शुरूआत गिरजाबंद हनुमान मंदिर से सुबह 9 बजे पूजा अर्चना के बाद शुरू होगी और इस यात्रा का समापन 28 सितंबर को मां महामाया मंदिर रतनपुर में ध्वजा चढ़ाकर किया जाएगा। इस दौरान विधायक सुशांत शुक्ला गांवों का दौरा करेंगे, ग्रामीणों से संवाद करेंगे और सनातन धर्म के रोशनी पूरे क्षेत्र में बिखेरेंगे।

नवरात्रि के अवसर पर पूरे विधानसभा क्षेत्र में सनातन धर्म की महान संस्कृति को और भी भव्यता प्रदान करने और भक्तिमय रंग में रंगने के लिए विधायक सुशांत ध्वजा यात्रा पर निकल रहे हैं। इस दौरान क्षेत्र का सघन दौरा, ग्रामीणों से संवाद और गांवों के धार्मिक स्थानों पर जाकर दर्शन करेंगे। इस दौरान रात्रि विश्राम रोजाना अलग-अलग गांवों में करेंगे उसके बाद अगले दिन दूसरे पड़ाव के लिए पदयात्रा पर निकलेंगे। इस दौरान विधायक श्री शुक्ला के साथ युवाओं की टीम,कार्यकर्ता और ग्रामीण पदयात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होंगे।




28 सितंबर को रतनपुर में समापन

### गिरजाबंद से शुरू होगी यात्रा

22 सितंबर को सुबह 9 बजे गिरजाबंद हनुमान मंदिर से ध्वजा यात्रा निकलेगी जो नवागांव, मेलनाडीह, कर्रा (रैनपुर), जाली बेलतरा, बेलपारा, अंधियारी पारा, बगदेवा होते हुए कोरबी पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम होगा। 23 सितंबर को कोरबी से हरदीपारा, पथरापाली, लिम्हा, सलखा, कड़री, नेवसा, गिधौरी, टेकर, भिल्मी, पाण्डेपुर और उच्चभट्ठी में विश्राम, 24 सितंबर को उच्चभट्ठी से भाड़ी, बाम्हू अकलतरी, लखराम, पौंसरा में विश्राम, 25 सितंबर को पौंसरा से चोरहादेवरी, खैरा, डगनिया, सेलर, खपराखोल और बैमा नगोई में विश्राम, 26 सितंबर को बैमा नगोई से परसाही, उरतुम, मोहरा, मटियारी चिल्हाटी, लगरा, खैरा, फरहदा और मोपका में विश्राम, 27 सितंबर को मोपका से प्रारंभ, चुन्नी सिंह तालाब, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, राजकिशोर नगर दुर्गा मंदिर, बजरंग चौक, वसंत विहार दुर्गा मंदिर चौक, लिंगियाडीह, अमरैया चौक दुर्गा मंदिर बहतराई चौक, खमतराई, बिरकोना और कोनी में रात्रि विश्राम, 28 सितंबर को कोनी से प्रारंभ, सेंदरी, कछार, लोफंदी, पेण्डरवा, रानीगांव, मदनपुर और रतनपुर पहुंचेगी, यहां यात्रा का समापन होगा।

### नवपदस्थ एसडीएम की बिगड़ी तबीयत, अपोलो दाखिल

**तखतपुर।** नवपदस्थ एसडीएम को ब्रेन हेमरेज होने पर अपोलो हास्पिटल शिफ्ट किया गया है, जहां उनकी स्थिति चिंता जनक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार एक सप्ताह पहले अरूण कुमार खलखो ने तखतपुर एसडीएम का प्रभार ग्रहण किया था। रोज की तरह ये शाम को अपने कार्यालय में काम कर रहे थे तभी इन्हें चक्कर आया और गिर पड़े। शुरूआती उपचार के लिए वहां पर उपस्थित स्टाफ स्थानीय चिकित्सक के पास लेकर गए उसके बाद नायब तहसीलदार अनिरूद्ध अपनी कार से उन्हें बिलासपुर अपोलो हास्पिटल लेकर गए। बिलासपुर ले जाते वक्त अरूण कुमार खलखो को चक्कर और उल्टी हो रही थी और वे बेहोश हो गए थे जहां उन्हें अपोलो हास्पिटल ले जाया जहां चिकित्सक ने न्यूरो संबंधित समस्या बताई। एसडीएम अरूण कुमार खलखो को स्वास्थ्य संबंधित समस्या की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई।





## औरापानी में लगा एक दिवसीय स्वच्छता शिविर

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, उषा देवी मेमोरियल कॉलेज, टैगोर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, सकरी के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत ग्राम औरापानी में एक दिवसीय स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया।

इस अभियान में महाविद्यालय के 30 रासेयो स्वयंसेवकों ने भाग लिया, साथ ही प्राध्यापकों की सक्रिय सहभागिता भी रही। शिविर का मुख्य आकर्षण औरापानी ग्राम स्थित पर्यटन स्थल (जंगल क्षेत्र) में फैले प्लास्टिक कचरे का संग्रहण रहा। स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक थैलियाँ, बोतलें और अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरे को एकत्र कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही पर्यटन हेतु उपस्थित पर्यटकों से भी प्लास्टिक कचरे को यहां -वहां फेंककर पर्यटन केंद्रों को असुरक्षित एवं अस्वस्थ न बनाते हुए प्रदूषकों के उचित प्रबंधन करने हेतु जागरूक किया। इस अभियान का आयोजन डॉ. सुलक्षणा वासनिक (प्राचार्य) के मार्गदर्शन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना ताम्रकार के नेतृत्व में रीना यादव, सुमन कौशिक, तानिया महंत, टेकचंद बैगा, निखिल मोहले, प्रतिमा सूर्यवंशी,नीलम सूर्यवंशी, नितेश, भारती, परमेश्वरी आदि स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय सहभागिता करने के साथ ही अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी ली।

### निः शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर कल मंडी प्रांगण में

**मुंगेली।** भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक संचालित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 23 सितम्बर मंगलवार को स्थानीय मंडी प्रांगण में 'निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर' का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### भाइयों ने भाई को पीटा, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** तीन भाइयों ने मिलकर अपने भाई के साथ मारपीट की। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम टिहुलाडीह निवासी केशव अनंत रोजी मजदूरी का काम कर जीवन यापन करता है। उसके घर में तीन भाई महेश, कौशल, महेंद्र अनंत साथ में रहते हैं। रात 10 बजे उन्होंने अधिक पैसा कमाने के बाद भी घर चलाने के लिए पैसा नहीं देने की बात कहते हुए गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर धारा 115, 2 296, 3, 5 351, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## सागर में चार गाय मृत मिलने से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

ग्राम सागर में चार गाय मृत पाने से हड़कंप मच गया है। लगातार क्षेत्र में हो रही गौ मृत्यु पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं।

विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सागर में मुख्यालय से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। गांव के गौठान में चार गाय मृत पाए जाने से आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लगातार क्षेत्र में गौ माता की मृत्यु हो रही है बिल्हा, रतनपुर, मस्तूरी में सड़कों में वाहनों से दुर्घटना में गौ माता की मृत्यु की खबर सामने आ रही है। दो दिन पहले मस्तूरी में 10 गाय और तखतपुर के नंगचुई में चार गाय और सिंघनपुरी में चार गाय सड़क दुर्घटना में मृत्यु की जानकारी मिली थी। इस बार विकासखण्ड अंतर्गत सागर में चार गाय की मृत्यु हो जाने पर कांग्रेसजनों ने सवाल उठाया है। ग्राम सागर के ग्रामीण दशरथ पाण्डेय ने बताया कि एक एकड़ के पीछे प्रत्येक ग्रामवासी से सौ रूपए लिया जाता है जिसके लिए चारे की व्यवस्था की जाती है और इन गायों को चरवाने के लिए बकायदा चारवाहा रखा गया है। इसके बावजूद गौठान में गाय की मृत्यु हो जाना जांच का विषय है।



### जांच की जाएगी

गौठान में गाय की मृत्यु होने की जानकारी नहीं है। वर्तमान में गौठान योजना बंद है। जांच की जाएगी।

-सत्यव्रत तिवारी, सीईओ तखतपुर।

### कार्रवाई की जाएगी

ग्राम सागर में चार गायों की मृत्यु की जानकारी नहीं है। सीईओं से जानकारी लेकर कार्रवाई की जाएगी।

-पंकज सिंह, तहसीलदार तखतपुर।

### खुलेआम हो रही गौ तस्करी

तखतपुर क्षेत्र में गौ तस्करी खुलेआम हो रही है। आंदोलन करने वाले गौ रक्षक शांत बैठ गए हैं। सागर में हुई गाय की मृत्यु पर गौ रक्षक जागरूकता दिखाएं।

-रश्मि सिंह, पूर्व विधायक, तखतपुर








।। सर्वभूतहिते रताः ।।
यशस्वी विधायक जन नेता
मान. अमर भैया
को जन्मदिवस की
अनंत शुभकामनाएं...
आपके दवा विक्रेता साथी
महेश अग्रवाल
हर्ष द्विवेदी
प्रतीक गुप्ता
प्रवीण मिश्रा
विमल शर्मा
हरजीत सलूजा
पंकज सचदेव
सुदेश अग्रवाल
प्रेरित अग्रवाल
लवली जूनेजा
अंशुल मुरारका
अनुप जैन
दीपक अग्रवाल
मनीष सजनानी
विकास मित्तल
विकास गुप्ता
भरत ओचवानी
अनुप सिंघानिया
एन.बी.के. दाश
मनीष रतेरिया
महेन्द्र अग्रवाल
आशीष मित्तल
राहुल शिवदासानी
मनोज मोटवानी


पूर्व केबिनेट मंत्री, बिलासपुर के दुलरवा विधायक
भैया अमर अग्रवाल जी एवं
जिला जीपीएम के समाजसेवी एवं उद्योगपति
भाई गोपाल अग्रवाल को
जन्मदिन की गाड़ा-गाड़ा बधाई
विनीत
संदीप जायसवाल (मंजू) जिला अध्यक्ष, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जिला- जीपीएम


छत्तीसगढ़ के
विकास पुरुष
मन, वचन और कर्म से सदैव प्रदेश व बिलासपुर की सेवा में समर्पित,
जनता की आकांक्षाओं को संकल्प मानकर निरंतर कार्यरत रहने वाले,
आप छत्तीसगढ़ के विकास पुरुष एवं हम सबके सच्चे मार्गदर्शक हैं।
हम सबके लोकप्रेमी व जनप्रिय नेता अमर भैया
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ।
विनीत : भारतीय जनता पार्टी पश्चिम मण्डल, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### साहू समाज के लाखासार शक्ति केन्द्र के राधेलाल अध्यक्ष



**लोरमी।** ग्राम लाखासर में साहू समाज शक्ति केंद्र बैठक आयोजित की गई। अतिथि के रूप में राजेंद्र साहू श्यामलाल साहू एवं गणेश साहू सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। माता कर्मा माता की पूजा अर्चना के बाद शक्ति केंद्र में अध्यक्ष सचिव एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया गया जिसमें राधेलाल साहू अध्यक्ष, श्याम मुकुंद साहू सचिव, महावीर साहू उपाध्यक्ष, विद्या बाई साहू महिला उपाध्यक्ष, के रूप में निर्विरोध चुनाव किया गया।

### हाईस्कूल स्यूल ढोलगी में स्वच्छता अभियान व पौधरोपण



**लोरमी।** वन मण्डलाधिकारी के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा के तहत वन परिक्षेत कार्यालय द्वारा विभिन गतिविधि किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत को शासकीय हाईस्कूल स्यूल ढोलगी में जनपद सदस्य आदित्य ध्रुव एवं ग्राम सरपंच रोहित गंधर्व की उपस्थित में पौधरोपण किया गया। कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें वन परिक्षेत्र कार्यालय के समस्त स्टाफ शामिल रहे।

### रजत जयंती पर लगा शिविर रक्तदाताओं में दिखा उत्साह



**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला में सेवा पखवाड़ा एवं रजत जयंती के अवसर पर आशीर्वाद बल्ड बैंक द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पंचायत के पार्षदों के साथ नगरजन ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। नगर अध्यक्ष नरेश पटेल ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्त दान जीवन दान है। रक्त से अनेक जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित होगा। रक्तदान करने से केवल जन कल्याण नहीं होता अपितु रक्तदान करने से स्वयं के हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है। शिविर में उपाध्यक्ष शेख जैनुल, राजकुमार साहू, नितेश पटेल, संजय निर्मलकर, नोहर सिंह ठाकुर, विशाल साहू, हेमंत पटेल, सीएमओ नरेश महिष, विकास कौशिक, चक्रवर्ती पटेल, बलदेव सिंह, मंगलू धुरी, कुश कुमार, श्याम सुंदर धुरी ने सहभागिता निभाई।

### पचोटिया में लगा सिकल सेल उन्मूलन शिविर



**मुंगेली।** ग्राम पचोटिया में सिकल सेल उन्मूलन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निःशुल्क सिकल सेल जांच, परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल में सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच एवं उपचार उपलब्ध कराना है। शिविर में कुल 166 लोगों की जांच की गई, जिनमें दो सिकल सेल पॉजिटिव मरीज मिले, सात मोतियाबिंद के मरीज मिले, सभी मरीजों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। एक बच्चा डाउन सिंड्रोम का पाया गया, जिसे स्पीच थेरेपी के लिए रेफर किया गया। डॉ. मनीष बंजारा ने बताया कि सिकल सेल रोग एक आनुवांशिक रक्त विकार है, जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं सामान्य आकार के बजाय हंसिया के आकार की बन जाती हैं।

### कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में विश्वकर्मा जयंती एवं पौधरोपण



**मुंगेली।** कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में विश्वकर्मा जयंती पर पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने कार्यशाला में एकत्र होकर भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना की। मशीनों और उपकरणों का पूजन कर तकनीकी क्षेत्र में प्रगति, दक्षता और नवाचार की कामना की गई। उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार साझा किए। महाविद्यालय प्रशासन ने पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. जितेन्द्र सिन्हा ने कहा कि यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम है, बल्कि शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का भी एक सशक्त माध्यम है। पौधारोपण से परिसर हरियाली से आच्छादित होगा और आने वाली पीढ़ियां भी अपने पूर्वज शिक्षकों को याद कर सकेंगी।

### अभिजीत मुहूर्त में नवरात्र अनुष्ठान के साथ प्रज्जवलित होंगे ज्योति कलश

# नवरात्र आज से, देवी मंदिरों में लगेगी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

मां डिडनेश्वरी देवी मंदिर में शारदीय क्वांर नवरात्र पर्व के लिए सभी आवश्यक तैयारी ट्रस्ट द्वारा की जा चुकी है। सोमवार को अभिजीत मुहूर्त में नवरात्र अनुष्ठान के साथ ज्योति प्रज्ज्वलित होंगे। साथ ही देवी भागवत की कथा व दुर्गासप्तशती पाठ, ललितसहस्त्रनाम पाठ प्रारंभ होगा।

ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल कैवर्त ने बताया कि इस बार भी देवी आराधना के सबसे महत्वपूर्ण पर्व नवरात्र उत्साह व श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया जाएगा जिसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। मंदिर परिसर में 4 हजार से ज्यादा मनोकामना के दीप प्रज्वलित होंगे जिसके लिए सभी ज्योतिकलश कक्षों की सफाई व रंगरोहन के बाद कलश व दीप पात्र रखे जा चुके हैं। सोमवार को प्रथम ज्योति जलाने व जंवारा बुआई के बाद सभी दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। जिसके लिए ज्योति रक्षक व सेवक भी तैयार कर लिए गए हैं। ट्रस्ट के संतोष कैवर्त ने जानकारी दी कि पिछले दिनों बैठक के दौरान सभी सदस्यों को नवरात्र कार्यक्रम के लिए जिम्मेदारी दी गई थी जिसके परिपालन में सभी सदस्य अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे जिससे यहां आने वाले दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की शिकायत ना मिले। मंदिर परिसर में श्रीमद् देवी भागवत का अनुष्ठान होगा जिसके कथावाचक आचार्य पंडित



मयंक पांडेय होंगे जो पूरे 9 दिनों तक माता जगदम्बा भवानी की संगीतमय कथा भक्तों को सुनाएंगे। पंडित नरेश पांडेय दुर्गासप्तसती पाठ व सभी नवरात्र अनुष्ठान के कार्यक्रम सम्पन्न कराएंगे। रात्रिकालीन कार्यक्रम में प्रतिदिन जसगीत व भजन कीर्तन के अलावा स्कूली बच्चों का डांडिया कार्यक्रम मंदिर परिसर में रखा जाएगा जिसमें आसपास के स्कूलों के विद्यार्थी शामिल होंगे। इस बार मंदिर परिसर स्थित नवनिर्मित ज्योतिकलश कक्ष में भी दीप जलाए जाएंगे इसके अलावा नए व्यवसायिक परिसर में भी विभिन्न दुकाने भी सजेंगी।

### नगर में दुर्गा पंडाल भी सजे

देवी आराधना के इस विशेष अवसर पर इस वर्ष भी स्कूल चौक, गुड़ी चौक, ठाकुरदेव चौक, खैया पारा, गढ़ चौक, ढबहापारा, गणेश चौक, मंदिर चौक सहित विभिन्न मोहल्लों में युवकों ने दुर्गा पंडाल सजाया है जहां नौ दिनों तक देवी की पूजा होगी।

## अंचल में जगह-जगह विरोजेंगी दुर्गा प्रतिमाएं, भक्तिपूर्ण रहेगा माहौल

**मुंगेली।** अंचल में शारदीय नवरात्रि की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। देवी मंदिरों मे रंगाई-पुताई का कार्य पूर्ण कर सजावट की जा रही है। आज 22 सितम्बर को शुभ मुहूर्त में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे।

क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में नवरात्रि में भक्तिमय माहौल में श्रद्धा आस्था नजर आएगी। नगर के मध्य में विराजित मां महामाया मंदिर में नवरात्रि पर्व पर दर्शनार्थियों की विशेष भीड़ रहती हैं। प्राचीन मूर्ति एवं मान्यता के चलते पूरे वर्ष भर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती हैं। नवरात्रि में विविध रूपों में मां के भक्त मां की पूजा-अर्चना करते हैं। ज्योति कलश प्रज्वलित करवाने के लिए श्रद्धालु भक्तजन विभिन्न देवी मंदिरों में संपर्क कर ज्योति कलश प्रज्वलित करा रहे हैं। देवी मंदिरो में दुर्गा सत्तशती का निरंतर पाठ भी किया जाता है तथा ज्योति कलश प्रज्जवलित की जाती है। मंदिर में पूरे विधि विधान से देवी के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती हैं। ज्योति कलश जलवाने वाले महामाया मंदिर दाऊपारा, सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, मल्हापारा स्थित महामाया मंदिर, खर्रीपारा स्थित काली मंदिर, पानी टंकी स्थित मां अंगार मोती माता मंदिर एवं पंडरिया रोड स्थित शक्तिमाई मंदिर, करही स्थित दुर्गा मंदिर, हथनी कला दुर्गा मंदिर, ग्राम रामगढ स्थित महामाया मंदिर, ग्राम निरजाम में महामाया मंदिर, सेतगंगा में सिद्धेश्वरी मंदिर में ज्योति कलश प्रज्जवलित



किए जाएंगे। मंदिरों में भक्त अपनी मनोकामना के लिए ज्वारा व ज्योति के लिए राशियां एवं अपना नाम दर्ज करवा रहे है। मंदिरों के व्यवस्थापक एवं पुजारी नवरात्रि की व्यवस्था में जुटे हुए है। ग्राम नुनियाकछार में बगदाई प्रांगण में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इस अवसर पर मनोकामना ज्योति कलश भी प्रज्वलित किए जा रहे है। ग्राम कोदवाबानी में मां महामाया मंदिर पेंड्रीडीह एवं मॉ शैलपुत्री महामाया मंदिर में शारदीय नवरात्रि में बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाने की तैयारियां कर ली गई है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो से हजारो की संख्या में दर्शनार्थी दुर्गा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा के दर्शन के लिए पहुंचते है। पंडाल के आस-पास मेला लगा रहता है। नवरात्रि तक रात भर दुर्गा मॉ की अराधना जसगीत तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहते है। पुराना बस स्टैण्ड आगर कलब मैदान में दुर्गा पंडाल आकर्षक ढंग से सजावट की जा रही है।

## महामाया मंदिर में 31 हजार लोगों के मनोकामना दीप होंगे प्रज्जवलित

**रतनपुर।** सिद्ध शक्ति पीठ महामाया मंदिर में शारदीय क्वांर नवरात्रि महोत्सव पर महामाया देवी के दर्शन करने देश के कोने कोने से श्रद्धालु रतनपुर पहुचेंगे। इस आनुष्ठानिक महोत्सव के लिए पूरा मंदिर परिसर सज धज कर तैयार है। नवरात्रि पर्व के लिए प्रबंधन द्वारा समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई है। 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलने वाले इस आनुष्ठानिक पर्व के मद्देनजर महामाया मंदिर को भव्य एवं आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इस बार यहां 31 हजार श्रद्धालुओं के मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। नवरात्रि के दौरान देश-विदेश के श्रद्धालु द्वारा हजारों की संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करवाया जाता है जिसकी संख्या में दिन प्रतिदिन उत्तरोत्तर वृद्धि होते जा रही है।



## महामाया मंदिर में तैयारी पूरी

**तखतपुर।** नगर के महामाया मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व की तैयारी पूरी कर ली गई है। नवरात्रि पर्व पर आस्था के दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके लिए मंदिर प्रबंध समिति की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। 9 दिनों तक महामाया मंदिर में रात्रि में माता का दिव्य श्रृंगार किया जाता है। इसके लिए देर रात तक भक्त दर्शन करने के लिए मंदिर पहुंचते रहते हैं। दर्शन उपरांत ही रात्रि में घर जाते हैं। नवरात्रि पर्व के प्रथम दिवस मां महामाया मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के पश्चात मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। मंदिर और पूरे परिसर को आकर्षक लाइट से सजाया गया है ।



## जिपं सीईओ ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर दिए निर्देश



**पेंड्रा।** जिला पंचायत सीईओ ने शुक्रवार को जनपद पंचायत पेंड्रा क्षेत्र का निरीक्षण किया और विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। सीईओ ने ग्राम पंचायत सेवरा में पशु शेड निर्माण और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया एवं जल्द से जल्द आवास निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और आवास मित्र को लगातार निगरानी कर सभी स्वीकृत आवासों को समय पर पूर्ण कराने और सड़क किनारे बने आवासों की उचित पुताई सुनिश्चित करने को कहा। इसी तरह सीईओ ने ग्राम पंचायत कुदरी में अमृत सरोवर उन्नयन कार्य, एफएसटीपी और खाद्यान्न भंडारण निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब के अंदर की घास की सफाई को 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तहत हटाने के निर्देश दिए। साथ ही एफएसटीपी प्लांट को शीघ्र चालू करने, पौधरोपण करने और खाद्यान्न भंडारण की ईंट-जोड़ाई में फिनिशिंग सुधारकर कार्य जल्दी पूरा करने को कहा। ग्राम पंचायत कोटमीकला में आत्मानंद विद्यालय भवन निर्माण का निरीक्षण कर उन्होंने लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग टॉयलेट मार्ग बनाने, भवन निर्माण और छपाई कार्य में फिनिशिंग सुधारने तथा पानी की तराई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ



**पेंड्रा।** जिला अस्पताल में गुरुवार को 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान का विधायक प्रणव मरपच्ची ने शुभारंभ किया। शासन के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामेश्वर शर्मा की ओर से आयोजित यह अभियान पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण किया गया। साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया एवं जिला चिकित्सालय में हृदय रोग जांच अभियान का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह उपाध्यक्ष, मुकेश दुबे नपा अध्यक्ष गौरेला, लालजी यादव, कन्हैया राठौर, राकेश चतुर्वेदी, बृजलाल राठौर सहित मीडिया एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सिविल सर्जन डॉ देवेन्द्र सिंह पैकरा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक विभा टोप्पो ने आभार व्यक्त किया।

## गहमागहमी के बीच 14 कांग्रेसियों ने पेश की दावेदारी

**पथरिया।** कांग्रेस ब्लाक कमेटी की बैठक में गहमागहमी के बीच ब्लाक अध्यक्ष बनने 14 कांग्रेसियों ने दावेदारी पेश की। बैठक की शुरुआत में ब्लाक अध्यक्ष राजा ठाकुर ने सभी अतिथियों का स्वागत कर बैठक के एजेंडे को साझा किया। जिला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कार्यकर्ताओ से संगठन को मजबूत करने सहभागिता निभाने पर जोर दिया। बैठक के आखिर में ब्लाक अध्यक्ष निर्वाचन के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त पर्यवेक्षक अमरजीत सिंह मक्कड़ ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कांग्रेस की सरकार बनाएंगे।



इस बीच क्षेत्र के 14 कांग्रेसियों ने ब्लाक अध्यक्ष बनने बायोडाटा सौंपा। जिसमें वर्तमान ब्लाक अध्यक्ष बहादुर सिंह, राजा ठाकुर, सीनियर कांग्रेस नेता घसिया लहरे, युवा मुकेश मिरी, दीपक साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल राजपूत, सुभाष कुर्रे, संतोष कुमार धृतलहरे, सतीश कुमार, नेहरू साहू, तारण टंडन, एजाज अहमद, उमेश सोनी, मुकेश साहू, ग्वाल दास अनन्त शामिल हैं।

## तखतपुर में कार्यकर्ताओं ने दिए आवेदन

**तखतपुर।** संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस के द्वारा नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगर प्रभारी श्याम सुंदर सोनी एवं ग्रामीण प्रभारी दिनेश शर्मा ने नगर एवं ग्रामीण कांग्रेसजन की बैठक ली। बैठक में नगर एवं ग्रामीण के अध्यक्ष के दावेदारों ने अपना पक्ष रखा एवं आवेदन दिया। दिनेश शर्मा ने कहा इस अभियान के तहत कांग्रेसजन को आपसी सहमति से योग्य व्यक्ति का चयन कर पैनल प्रदेश कांग्रेस को सौंपना है। नगर के प्रभारी श्याम सुंदर सोनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत की सबसे पुरानी पार्टी है अब वक्त के साथ युवाओं को पार्टी से जोड़ते हुए कांग्रेस को मजबूत करना है। पूर्व विधायक रश्मि सिंह ने कहा कि




तखतपुर नगर एवं ग्रामीण का संगठन मजबूत है लेकिन हमें आने वाले चुनाव को देखते हुए पार्टी को और अत्यधिक मजबूत करना होगा। बैठक का संचालन अजय सिंह ने एवं एवं आभार प्रदर्शन नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन ने किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव आत्मजीत सिंह मक्कड़, शिव बालक कौशिक, मुन्ना श्रीवास, अजय देवांगन, सुरेश ठाकुर, शिवेंद्र कौशिक, अनिल कौशिक, अभ्युदय तिवारी, अजय सिंह, सुरेंद्र प्रधान, जीतेंद्र राज, करीम कुरैशी, सुनीता बंजारे, अजमत हुसैन, चन्द्र प्रकाश, अभिषेक पाण्डेय, रमन हुरा, शैलेन्द्र निर्मलकर, संजय गुप्ता, बिसाहू कश्यप, गोविंद साहू, अभय कौशिक आदि मौजूद थे।

## 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

**मुंगेली।** 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का समापन हो गया। प्रतियोगिता में शतरंज खेल और नेटबॉल खेल का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे राज्य भर से खिलाड़ियों ने भाग लिया। शतरंज खेल में 14 वर्ष, 17 वर्ष और 19 वर्ष एवं नेटबॉल में 14 वर्ष के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया।

मार्च पास्ट में बस्तर जोन, अनुशासन में सरगुजा जोन और ओवर ऑल चौम्पियनशिप का खिताब बिलासपुर जोन के नाम हुआ। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, उपाध्यक्ष पद्मिनी मोहले, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पार्षद और बड़ी



संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे। जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे ने बताया कि 14 वर्ष आयु वर्ग बालक के शतरंज खेल में रायपुर ने 16 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, दुर्ग ने द्वितीय, बिलासपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बालिका में बिलासपुर ने 15.5 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, दुर्ग ने द्वितीय और रायपुर ने तृतीय स्थान, 17 वर्ष आयु वर्ग बालक में बिलासपुर ने 15 अंक प्राप्त कर पहला स्थान, सरगुजा ने दूसरा, दुर्ग ने तीसरा, बालिका में बिलासपुर ने 16.5 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रायपुर ने द्वितीय, दुर्ग ने तीसरा स्थान, 19 वर्ष आयु वर्ग बालक में रायपुर ने 18 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, दुर्ग ने द्वितीय, बिलासपुर ने तृतीय, बालिका में रायपुर ने 18.5 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, दुर्ग ने द्वितीय और बिलासपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नेटबॉल में 14 वर्ष आयु वर्ग बालक और बालिका में प्रथम स्थान बिलासपुर, रायपुर ने द्वितीय, दुर्ग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## लहरिया बोले- सीपत से तय होगी मस्तूरी की जीत

**सीपत।** संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्ति को लेकर रविवार को सीपत के स्थानीय विश्रामगृह में कांग्रेस की ब्लॉक स्तरीय बैठक हुई। बैठक में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, पर्यवेक्षक एवं पीसीसी सचिव विकास सिंह, जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला समन्वयक जगदीश कौशिक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पर्यवेक्षक व पीसीसी सचिव विकास सिंह ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए मेहनती कार्यकर्ताओं की महती भूमिका रहेगी। जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि मस्तूरी में कांग्रेस विधायक बनने



के पीछे सीपत ब्लॉक की अहम भूमिका रही है। विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि मस्तूरी विधानसभा की जीत हमेशा सीपत ब्लॉक से ही तय होती है। बैठक का संचालन केश शिप बोर्ड के उपाध्यक्ष चित्रकांत श्रीवास ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र धीवर, दुबे सिंह कश्यप, वीरेंद्र शर्मा, मनोज खरे, प्रमोद जायसवाल, विजय गुप्ता, दुर्गा तिवारी, अशोक सूर्यवंशी, राजू सूर्यवंशी, उमेश चंद्राकर, मनोहर पात्रे, सुनील पटेल, रामेश्वर साहू, देव सिंह पोर्ते, देवी कुर्रे, दिलीप मननेवार, वीरेंद्र लैहर्षण, दुष्यंत यादव, विंदा सूर्यवंशी, रामजी बिंझवार, धनिदास महंत, धनश्याम नेताम, रामसनेही कमल, नारायण, विनोद यादव, विनोद साहू, महेंद्र कश्यप, मुनीर खान, धन्नजय सिंह ठाकुर, भोज यादव, उमेश कश्यप, दीपक साहू, नंदकुमार साहू, रानू श्रीवास सहित अन्य वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आवश्यक फर्नीचर व शौचालय के अभाव में विद्यार्थी परेशान

# 3 वर्षों से बिना भवन संचालित हो रहा है बेलतरा का कॉलेज

**बेलतरा।** पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के द्वारा बेलतरा में नए कॉलेज की घोषणा की गई थी, जिसमें प्रारंभ सत्र में बीए, बीकॉम, बीएससी की कक्षाओं का संचालन शुरू किया गया। वर्तमान समय में कॉलेज में तीसरा सत्र प्रारंभ हो गया है।

कॉलेज की कक्षाएं पहले शासकीय उमा विद्यालय भवन में संचालित होती थी, लेकिन विद्यालय में दो पालियों में कक्षाएं चलने के कारण कॉलेज के लिए नया भवन नहीं मिल पा रहा है। नतीजतन वैकल्पिक व्यवस्था के लिए मजबूरी में खुले सांस्कृतिक मंच में कॉलेज की कक्षाएं लगाई जा रही हैं। विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला से भेंट कर कॉलेज भवन की हेतु मांग किया गई, लेकिन अभी तक भवन नहीं मिल पाया। भवन के अभाव में छात्र-छात्राएं बहुत परेशान हैं, बैठक व्यवस्था नहीं होने के कारण बहुत सारे बच्चे कॉलेज में एडमिशन नहीं ले पा रहे हैं। कॉलेज इस उद्देश्य



के साथ खोला गया था कि, आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा मिल सके, लेकिन 3 साल गुजर जाने के बाद भी आज तक कॉलेज भवन की स्वीकृति नहीं हो सकी। पालक और क्षेत्रवासी विधायक, मंत्री एवं कलेक्टर को ज्ञापन देकर भवन की मांग करने के लिए तैयार हैं। आने वाले समय में कॉलेज भवन जल्द से जल्द बने इस हेतु क्षेत्रवासी कलेक्टर और मंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। नवीन शासकीय महाविद्यालय बेलतरा की स्थापना अगस्त 2023 में हुई थी। वर्तमान में यहां बीए, बीएससी बायो की कुल छह कक्षाएं संचालित हैं, जिसमें 8 छात्र एवं 44 छात्राए मिलाकर कुल 52 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहां एक भी कार्यालयीन स्टॉफ नहीं है। भवन के अभाव में सांस्कृतिक मंच एवं उसके पीछे बने कमरे में महाविद्यालय संचालित हो रही है, जहां फर्नीचर की कमी है।

### पढ़ाई पर पड़ रहा असर

स्थानीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों का कहना है कि, यहां भवन नहीं होने के कारण पढ़ाई प्रभावित तो हो रही है। साथ ही साथ स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। इसलिए जल्द से जल्द भवन बने ताकि हमारी पढ़ाई सुरक्षित व समुचित ढंग से हो सके। यहां बैठने के लिए कुर्सी, बेंचें एवं वॉशरूम की व्यवस्था भी नहीं होने के कारण पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है।
-डॉ शिवदयाल पटेल, प्रभारी प्राचार्य महाविद्यालय

## कलेक्टर ने ली छात्रावास अधीक्षकों की बैठक



- उपस्थिति और स्वच्छता को प्राथमिकता देने दिए निर्देश

**पेंड्रा।** जिले के सभी छात्रावासों में अनुशासन, स्वच्छता और बच्चों की समग्र देखभाल को लेकर आज कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी की अध्यक्षता में छात्रावास अधीक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि छात्रावास अधीक्षक अनिवार्य रूप से छात्रावास में उपस्थित रहें। बिना अनुमति के अवकाश पर न जाएं और अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण से करें। कलेक्टर ने सभी अधीक्षकों को कहा कि छात्रावासों में साफ-सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि अधीक्षक प्रत्येक बच्चे की व्यक्तिगत जानकारी रखें, मासिक स्वास्थ्य जांच, दवा पेटी की नियमित जांच और निगरानी समिति की मासिक बैठक सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधीक्षकों को प्रतिदिन दो कक्षाएं लेने और शैक्षणिक रूप से कमजोर बच्चों को विशेष सहयोग देने के निर्देश दिए ताकि परीक्षा परिणामों में सुधार हो। खेल सामग्री का वितरण एवं उपयोग तथा बच्चों के मानसिक व बौद्धिक विकास पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही। छात्रावासों में नियमित रूप से कम से कम तीन समाचार पत्र मंगाने, समय सारिणी का पालन और अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्णतः रोक लगाने के निर्देश दिए गए। बच्चों को ₹आदि कर्म योगी अभियान₹ की जानकारी देने के लिए भी अधीक्षकों को कहा गया। बैठक में प्रभारी अपर कलेक्टर अमित बेक, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास गोपेश मनहर, मंडल संयोजक तथा सभी छात्रावास अधीक्षक उपस्थित रहे।


आशुतोष साव
दिनेश चौधरी
संदीप केडिया
राजेश त्रिवेदी
रोहित मिश्रा
विवेक ताम्रकार
शैलेन्द्र यादव
आशीष गुप्ता
Happy Birthday
Amar Bhaiya Ji
पंकज तिवारी
शानुल खान
शरद यादव
रौशन सिंह
रंगा नादम
जोन अध्यक्ष
संतोष दुबे
रन्नू गुप्ता
आशीष तिवारी
महर्षि बाजपेयी
BALAJI
राजा वर्मा
अमन सिंह

## खबर संक्षेप

### वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत

**बिलासपुर।** बेलगाम वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से गाड़ी की पहचान कर रही है। मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, जयरामनगर निवासी अंशुमन राठौर पिता राजकुमार राठौर 21 साल रविवार की रात 8.30 बजे घर से स्कूटी में सवार होकर कहीं जाने के लिए निकले। इसी दौरान अज्ञात वाहन के ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में अंशुमन की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर गाड़ी की पहचान करने में लग गई है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है।

### पानी भरने के विवाद में मां बेटी के साथ मारपीट

**बिलासपुर।** पानी भरने के विवाद में युवतियों ने मां बेटी के साथ मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावर युवतियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, विनाबा नगर आर 2 जगत पाल सिंह के मकान में दीपाली सलूजा पति अभिषेक सलूजा परिवार के साथ रहती है और एसबीआई बैंक क्रेडिट डिपार्टमेंट में नौकरी करती हैं। 20 सितंबर को शाम 6 बजे वे घर के नीचे पानी भरने गई थीं। इसी दौरान ऊपर किराए के मकान में रहने वाली एक युवती ने पानी भरने के बाद पाइप फेंक दिया। उन्होंने मना किया तो युवतियां व औरत उनके साथ गाली गलौज करने लगे। मना करने पर जान से मारने की धमकी देकर बाल पकड़कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। उनकी मां यशोदा बीच बचाव करने आई तो उनके साथ भी गाली गलौज कर मारपीट की गई है। पुलिस ने श्रीमती सलूजा की रिपोर्ट पर हमलावर युवतियों व महिलाओं के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### काव्य पाठ एवं गीत गजल प्रतियोगिता

**बिलासपुर।** जोनल मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति बिलासपुर के सदस्य, अधिकारी व कर्मचारियों के लिए स्वरचित काव्य पाठ, गीत एवं गजल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निर्णायक मुख्य पुल इंजीनियर शैलेन्द्र प्रसाद ने कहा कि कविता ऐसी विधा है कि जिसमें कवि जितने अपने भावों को व्यक्त करने के लिए संघर्ष करता है, कविता में उतना ही निखार आता है। श्री प्रसाद ने सभी रचनाकारों की कविताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि नई कविता के दौर में तत्सम शब्दों का प्रयोग और कवि अज्ञेय तथा सुमित्रानंदन पंत की शैली व भाषा से प्रेरित होकर रचनाएं लिखी व पढ़ी जा रही हैं।

### इतवारी-शालीमार दुर्गा पूजा स्पेशल 27 से

**बिलासपुर।** इतवारी से शालीमार के बीच दुर्गा पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन 27 सितम्बर से किया जाएगा। इसके अलावा इस ट्रेन का दुर्ग, रायपुर, भाटापारा एवं बिलासपुर स्टेशन में आने-जाने की समय सारिणी में भी रेलवे ने आंशिक परिवर्तन करने नोटिफिकेश जारी किया है। जानकारी के अनुसार रेलवे दुर्गा पूजा के दौरान यात्रियो की बेहतर यात्रा सुविधा हेतु नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एवं शालीमार के मध्य दुर्गा पूजा स्पेशल गाड़ी का परिचालन 5 फेरों के लिए करने जा रही है।

**बिल्डिंग मटैरियल सस्ते हो जाएंगे** | इस वजह से अभी बिलासपुर दफ्तर में रजिस्ट्री भी कम हो रही, 22 के बाद वाले सभी स्लॉट फुल

# 30 लाख का फ्लैट-मकान लेने पर बचेंगे 1.50 लाख तक, 22 के बाद ले रहे अपाइंटमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही जीएसटी में 22 सितंबर से बड़ा बदलाव हो रहा है। इसकी वजह से बिल्डिंग मटैरियल सस्ते हो जाएंगे। सीमेंट 10 तो सरिया भी चार फीसदी तक सस्ता होगा। इसका सीधा असर मकानों की कीमत पर पड़ेगा।

रियल एस्टेट कारोबारियों का दावा है कि मकान-फ्लैट की कीमत में 4 से 5 फीसदी तक की कमी आएगी। 30 लाख तक का मकान लेने या बनाने पर 1.50 लाख तक बचेंगे। यही वजह कि अभी मकानों की खरीदी-बिक्री के ज्यादातर सौदे 22 सितंबर के बाद करने की तारीख तय की जा रही है। रजिस्ट्री कराने वाले भी 22 सिंतबर के बाद का ही ऑनलाइन अपाइंटमेंट ले रहे हैं। इस वजह से अभी बिलासपुर दफ्तर में रजिस्ट्री भी कम हो रही है। 22 के बाद वाले सभी स्लॉट फुल हो गए हैं।

गौरतलब है कि जीएसटी को रिफॉर्म करने के बाद सीमेंट पर लगने वाले 28 प्रतिशत जीएसटी को 18 फीसदी किया गया है। इससे बाजार में सीमेंट की कीमत प्रति बोरी 25 से 30 रुपए तक कम होगी। घर बनाने में एक बड़ा खर्चा सीमेंट का भी होता है। इसके अलावा घर बनाने लिए कई तरह के कच्चे माल में जीएसटी कम कर दिया गया है। इससे भी मकान बनाने के खर्च में 25 से 30 फीसदी तक असर होगा। घरों में लगने वाले पेवर ब्लॉक, रेत-चूने की इंटों पर भी जीएसटी 12 से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा टाइल्स और ग्रेनाइट में भी जीएसटी कम हो गया है। यानी अब 20 से 40 लाख रुपए तक मकान और फ्लैट खरीदने वालों को 2 लाख से ज्यादा की बचत होगी। इतना ही नहीं जो लोग जमीन खरीदकर खुद मकान बनाएंगे तो उनकी बचत 6 से 7 लाख रुपए तक की हो सकती है।

### रियल एस्टेट में त्योहारी सीजन का बड़ा असर

रियल एस्टेट के कारोबार पर आने वाले त्योहारी सीजन का भी बड़ा असर होगा। 22 से नवरात्रि फिर दशहरा और दिवाली में इस कारोबार में जबरदस्त बूम आने का दावा किया जा रहा है। सालभर के मकानों की बिक्री का 30 से 40 फीसदी की खरीदी-बिक्री इसी सीजन में होती है। ऐसे में जीएसटी से मिलने वाली बड़ी राहत की वजह से इस साल यह कारोबार बहुत ज्यादा होने की संभावना जताई जा रही है। यही वजह है कि बिल्डरों और प्रमोटरों ने अभी से लोगों को अपने प्रोजेक्ट की जानकारी देने के लिए प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है।

### जानकारी के साथ लोगों को दे रहे आफर

लोगों को मकान-फ्लैट की कीमत कम होने की जानकारी देने के साथ ही उन्हें इसकी खरीदी पर बड़े ऑफर भी दिए जा रहे हैं। लोगों ने भी इनकी इंक्वायरी तेज कर दी है। ऐसे में इस साल रियल एस्टेट का कारोबार पिछले कई साल के रिकार्ड को भी तोड़ सकता है। जानकारों का कहना है कि जीएसटी में बड़े बदलाव से हर वर्ग के लोगों को फायदा होगा। इतना ही नहीं इसका असर लंबे समय तक रहेगा। लोगों के लिए प्रॉपर्टी खरीदना आसान होगा क्योंकि कीमतों पर भी असर होगा। रियल एस्टेट का कारोबार हर हाल में बढ़ेगा।

### 4,500 रुपये तक सस्ते हुए कंपनियों के एसी

ग्राहकों को लुभाने के लिए वोल्टास, डाइकिन, एलजी, पैनासोनिक, हायर और गोदरेज अप्लायंसेज जैसी प्रमुख कंपनियों ने नई प्राइस लिस्ट जारी कर दी है। एसी की कीमतों में 4,500 रुपये तक की कटौती की गई है। उदाहरण के लिए, डाइकिन के सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले 1.5 टन 5-स्टार इन्वर्टर स्प्लिट एसी, जिसकी कीमत पहले 73,800 रुपये थी, अब 68,020 रुपए में मिलेगा। जीएसटी दरों में कटौती होने बाद कुछ कंपनियों ने तो पहले ही कम कीमतों पर प्री-बुकिंग लेना शुरू कर दिया था। डीलरों का कहना है कि शुरुआती प्रतिक्रिया बहुत अच्छी रही है और उन्हें उम्मीद है कि कीमतों में इस कटौती से इस त्योहारी सीजन में ग्राहकों की खरीदारी में भारी उछाल आएगा।

वीडियो सोशल मीडिया में किया वायरल, सभी युवक पकड़े गए

# ओवरब्रिज के नीचे तलवार से केक काटकर मनाया गया जन्मदिन, सभी गिरफ्तार



तलवार से केक काटता बर्थ डे ब्वाय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते हुए युवकों ने रतनपुर खूंटाघाट के बीच ओछिनापारा ओवरब्रिज के नीचे सड़क पर तलवार से केक काटकर जानू भाई का जन्मदिन मनाया। इसके बाद मोबाइल में रील बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पुलिस ने सभी युवकों को पकड़ लिया है।

शनिवार की रात रतनपुर खूंटाघाट के बीच नेशनल हाइवे खैरखूंडी ओछिनापारा ओवरब्रिज के नीचे कुछ युवक एकत्रित हुए और जानू भाई का तलवार से केक काटकर जन्मदिन मनाकर जमकर हंगामा मचाया। इस दौरान सड़क पर वाहनों का आवागमन बंद हो गया था। लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। युवकों अपने आयोजन का मोबाइल में रील बनाया और उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया है।

#### ये मना रहे थे जन्मदिन

पुलिस ने जन्मदिन मनाने वाले खैरखुंडी निवासी रूपेश कैवर्त पिता स्व. सुरेश कैवर्त, कमलेश कुमार सरवन पिता सुखीराम सरवन, रतेश नायक पिता गणेश नायक, कर्ण सिंह पिता लखपति सिंह, रणजीत केंवट पिता सुरेश केंवट, अभ्युदय भारद्वाज पिता संतोष भारद्वाज व 9 नाबालिग को 25, 27 आर्म्स एक्ट व 126, 2, 191, 2 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

#### मस्तूरी रोड में 17 वाहनों से किया गया था स्टंट

17 सितंबर को मस्तूरी के एक फार्म हाउस में पार्टी मनाने जाते समय 17 वाहनों में युवकों के द्वारा खिड़की, सनरूफ से बाहर निकलकर स्टंट किया था। इस दौरान अन्य वाहन सवारों को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। पहले पुलिस ने लचर चालानी कार्रवाई कर सभी को छोड़ दिया था। हाईकोर्ट की नाराजगी के बाद वाहन चालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।



#### उसलापुर ब्रिज के पास पकड़े गए थे युवक

एक माह पहले उसलापुर ब्रिज के नीचे गैलेक्सी अपार्टमेंट के पास युवक एकत्रित होकर सड़क पर बाइक खड़ी कर केक काटकर जन्मदिन मनाकर आतिशबाजी कर रहे थे। पुलिस ने जन्मदिन मनाने वाले दो नाबालिग सहित 12 युवकों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया था।

#### सभी को पकड़ लिया गया है

सड़क पर केक काटकर जन्मदिन मनाने वालों की पहचान कर ली गई है। खैरखुंडी गांव के युवकों ने जन्मदिन मनाया है। सभी युवकों को पकड़कर लिया गया है। उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

**-अर्चना झा,** एडीशनल एसपी ग्रामीण

# सात हजार बीपीएल कार्डधारियों पर 'एपीएल' बनने का खतरा

**5 एकड़ भूमिधारकों को ही बीपीएल श्रेणी में रहने का अधिकार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के सात हजार बीपीएल राशन कार्डधारियों पर बहुत जल्द ही एपीएल बनने का खतरा मंडराने लगा है। बीते साल समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों एवं बीपीएल राशनकार्ड धारियों का आपस में मिलान करने के बाद जानकारी सामने आई है कि जिले के 7 हजार से भी अधिक किसान ऐसे हैं, जिनके पास पांच एकड़ से अधिक भूमि है, जिसका उत्पादन उन्होंने समर्थन मूल्य पर बेचा है। ऐसी स्थिति में अब उनका नाम बीपीएल श्रेणी से काटते हुए एपीएल में शामिल किए जाने की कार्रवाई तय मानी जा रही है।

पांच एकड़ से अधिक जमीन के मालिक होने के बाद समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों में अपनी फसल बेचने वाले जिले के सात हजार बीपीएल राशन कार्डधारियों पर जल्द ही कार्रवाई की गाज गिर सकती है। केंद्र सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों व बीपीएल कार्डधारियों का आपस में मिलान करने के निर्देश सभी राज्य सरकारों को जारी किए थे।

केंद्र के निर्देशानुसार इसकी बारीकी से जांच की गई थी। जांच में पाया गया कि कुछ किसान बीपीएल कार्डधारी के रूप में सरकार की सारी सुविधाएं भी पा रहे हैं, वहीं समर्थन कीमतों पर धान भी बेच रहे हैं। अब किसानों की सही जानकारी सामने आने के बाद पूरी संभावना जाहिर की जा रही है कि इस श्रेणी के किसानों को बीपीएल से बाहर करते हुए एपीएल श्रेणी में शामिल कर सामान्य राशनकार्ड जारी किए जाएंगे।

#### ये है नियम

केंद्र सरकार के नियमानुसार ऐसे किसान जिनके पास 2.47 एकड़ भूमि है, और इतनी ही भूमि का वे धान समर्थन मूल्य पर समितियों में बेचते हैं, तो ऐसे किसानों को राशनकार्ड की बीपीएल श्रेणी हेतु पात्रता दी गई है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस पात्रता में थोड़ी और रियायत देते हुए अधिकतम पांच एकड़ तक के भूमि स्वामियों को भी बीपीएल श्रेणी में रखे जाने की छूट दी गई है, लेकिन पांच एकड़ से अधिक भूमि का उत्पादन बेचने वाले किसान बीपीएल श्रेणी में नहीं रह सकेंगे।

#### सामने आई जानकारी

पिछले साल समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों व बीपीएल कार्डधारियों का आपस में मिलान करने पर यह जानकारी सामने आई है कि जिले में 7 हजार 58 किसान ऐसे हैं, जिन्होंने बीते साल पांच एकड़ से अधिक भूमि की फसल समर्थन मूल्य पर बेची थी और वे बीपीएल श्रेणी के कार्डधारक भी हैं। ऐसे में अब केंद्र व राज्य सरकार के नियमों के अनुसार इन किसानों को बीपीएल श्रेणी में तो नहीं रखा जा सकेगा, लेकिन इनका कार्ड निरस्त भी नहीं होगा। ये सभी एपीएल श्रेणी के लिए पात्र माने जाएंगे।

**-अमृत कुजूर**
खाद्य नियंत्रक

# शहर सहित ग्रामीण सर्किल में हाल बदतर

**बिलासपुर।** शहर की बिजली व्यवस्था का हाल यह है कि बिजली बंद होने के बाद उपभोक्ताओं की शिकायत तक नहीं सुनी जा रही है। फ्यूज कॉल सेंटर नाम के ही है, यहां उपभोक्ताओं की शिकायत रजिस्टर तक मेंटेन नहीं हो रही है, वहीं कई जगहों पर कर्मचारी स्वयं ही गायब रहते हैं। ऐसे में विभाग के अधिकारियों को बिजली बंद होने की जानकारी तक नहीं होती है। खास बात यह है कि ठेके में फ्यूजकॉल देकर अधिकारी चैन की नींद सो रहे हैं।

- लाखों रूपए का भुगतान फिर भी उपभोक्ताओं को राहत नहीं

शहर में रोजाना औसत 4 घंटे बिजली बंद हो रही है, कई इलाकों में बिजली बंद की अवधि 10 से 12 घंटे भी हो रही है। ऐसे में बिजली उपभोक्ता खासे परेशान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों का हाल यह है कि एक बार बिजली बंद होने के बाद दूसरे दिन कर्मचारी मरम्मत के लिए पहुंचते हैं। फ्यूज कॉल सेंटरों में उपभोक्ताओं की फरियाद सूनने वाला कोई नहीं है, घंटों बिजी मोड में फोन नंबर रखे जाते हैं, उपभोक्ताओं के घर व कार्यालय की बिजली बंद की जानकारी रजिस्टर में मेंटेन नहीं की जा रही है। विभाग में कनिष्ठ यंत्री, सहायक यंत्री, कार्यपालन यंत्री मौजूद होते हैं, लेकिन हर बार आला अधिकारियों को फोन लगाने के बाद भी बिजली सप्लाई नार्मल की जाती है।



पीजीबीटी फ्यूज कॉल आफिस।



राजकिशोरनगर फ्यूज कॉल आफिस।

**यहां रही बिजली बंद:** शनिवार की रात नेचर सिटी में ट्रांसफार्मर का डियो खराब होने के कारण 12 घंटे से अधिक देरी तक बिजली बंद रही। खास बात यह है कि इसकी जानकारी एई से लेकर ईई तक को दी गई लेकिन अधीक्षण यंत्री से शिकायत करने के बाद भी बिजली सप्लाई नार्मल की जा सकी। इस दौरान लोगों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो सका। इसी प्रकार तिफरा क्षेत्र में भी मेंटनेंस के नाम पर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद रही, इस दौरान गर्मी और उमस से उपभोक्ताओं का हाल बेहाल होता रहा। वहीं दिन में कई बार बिजली की आंखमिचौली जा रही, गांधी चौक, दयालबंद, मन्नू चौक, टिकरापारा करबला में घंटों बिजली गुल रही।

# यूके के पुलिसकर्मी से शादी करने का सपना शहर की युवती को पड़ा महंगा, साढ़े 9 लाख का लगा चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यूके के पुलिसकर्मी से शादी करने का सपना देखना शहर की एक युवती को महंगा पड़ गया है। युवक ने एयरपोर्ट में फंसने का झांसा देकर युवती से 9 लाख 50 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा प्रभात चौक निवासी जोगन्या सूर्यवंशी पिता दाखीराम सूर्यवंशी मोहल्ले में जनरल स्टोर चलाती हैं। पिछले दिनों उनके मोबाइल में अनजान नम्बर से फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आपकों यूके में रहना और पुलिस विभाग में नौकरी करना बताया। उसने अपनी बातों में फंसाकर पूछा आप शादी शुदा हो। युवती ने कहा शादी नहीं हुई। उसने शादी करने का प्रस्ताव रखा। युवती यूके के पुलिसकर्मी से शादी करने का सपना देखने लगी और शादी करने के लिए तैयार हो गई। फोन धारक ने कहा वह भारत आकर उनके शादी करके हमेशा के लिए उसे यूके लेकर चला जाएगा। इसी बीच उक्त मोबाइल धारक का फिर से फोन आया और उसने कहा वह भारत आ गया है, किन्तु उन्हें एयरपोर्ट में पकड़ लिया गया है। वह युवती से बचा लेने की गुहार लगाने लगा। उसने एयरपोर्ट से बाहर निकलने के लिए युवती को कई तरह के बहाने बताकर अलग अलग किश्तों में 9 लाख 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर आनलाइन ठगी कर ली है। बताया जाता है युवती ने अपने जेवर बेचकर उसे पैसा ट्रांसफर की है। उसके बाद भी पैसे की मांग करने पर युवती को ठगी के शिकार होने की जानकारी हुई।



- अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ जुर्म दर्ज

युवती ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# निर्माणाधीन अस्पताल में ले जाकर युवती से अनाचार, आरोपी फरार

**बिलासपुर।** निर्माणाधीनअस्पताल में ले जाकर युवती से अनाचार करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी युवक को नहीं पकड़ पाई है।

सीपत पुलिस के अनुसार, 13 जनवरी 2025 को कोनी बिरकोना निवासी उजागर वर्मा पिता जग्गू वर्मा काम से सीपत क्षेत्र के एक गांव गया था। इसी दौरान गांव की एक युवती अकेली जा रही थी। युवक युवती को पकड़कर जबरदस्ती निर्माणाधीन अस्पताल में लेकर गया और उसके साथ अनाचार किया। युवती ने रिपोर्ट लिखाने की बात कही तो उसने शादी करने का आश्वासन दिया। उसके बाद वह युवती से लगाकर शारीरिक संबंध बनाने लगा। इससे युवती एक माह से गर्भवती हो गई है।

युवती ने शादी करने का दबाव बनाया तो उसने इनकार कर दिया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ बीएनएस कीधारा 64, 1, 64, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी युवक को नहीं पकड़ पाई है।








